तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 23 दिसंबर 2024



12 पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी तो अब 25 हजार से 2 लाख तक जुर्माना





13 भारतीय जनता पार्टी सिर्फ होर्डिंग में आवास बाट रहेः पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश






## खबर संक्षेप



### जोन कार्यालय में आज से नवीन राशनकार्ड

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को नवीन राशन कार्ड वितरित किया जा रहा है। सुबह 11 बजे से 4 बजे तक कोऑपरेटिव सोसाइटी के दुकानदार एवं नगर निगम भिलाई के कर्मचारी बैठेंगे। अभी तक जो नागरिक अपना राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं करवाए हैं, वह जाकर राशन कार्ड नवीनीकरण करवा सकते हैं। यह सुविधा सभी के लिए प्रदान की जा रही है।जो राशन कार्डधारी राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं करेंगे भविष्य में उन्हें राशन मिलने में परेशानी हो सकती है। मुखिया को दो फोटो, अपना आधार कार्ड, पुराना राशन कार्ड लेकर जाना होगा उसी के आधार पर राशन कार्ड का नवीनीकरण हो जाएगा ।

### प्राण घातक हमला करने वाला धरा गया

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2), 118(1), 109 बी.एन.एस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शास्त्री नगर कैम्प 1 निवसी थानू यादव और कालू सरदार दोनों जैतखाम के पास खडे थे। इस दौरान राजीव नगर वैशाली नगर निवासी आरोपी सूरज बंजारे उनके पास आया। थानु और कालू दोनो को आरोपी सूरज गाली गलौज करने लगे। जिसे लेकर दोनों ने विरोध किया लेकिन उसी के साथ आरोपी मे मारपीट कर जान से मारने की नियत से हमला कर फरार हो गया। शिकायत के बाद वैशाली नगर प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुमार अंदानी ने आरोपी सूरज बंजारे को पकड़ने टीम बनाई। सूरज को घेराबंदी को मुस्लिम कब्रस्तिान के पास से गिरफ्तार किया गया।

### डिप्टी सीएम ने किया रिसार्ट का शुभारंभ

**भिलाई** । दुर्ग जिले के ग्राम करंजा भिलाई विकास खण्ड दुर्ग में रविवार को ऐरो क्लब एंड रिसॉर्ट करंजा भिलाई समोदा नाला पुल बेमेतरा- दुर्ग मुख्य के बाजू में स्थित प्राइवेट रिसार्ट का शुभारंभ समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव व अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का आगमन हुआ। रिसार्ट शुभारंभ समारोह में अतिथियों के साथ विशेष रूप से अहिवारा विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू , नगर पालिका अहिवारा अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, दिलीप वर्मा , गुलाब साहू , पूर्णिमा वर्मा , संजय देशमुख , वेद साहू , नर्सिंग धनकर, राकेश ताम्रकार, शानू वर्मा आदि सहित क्षेत्र भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आएगा नया पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव : पांच दिन तक शीतलहर नहीं, 27 को बारिश का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रविवार को मौसम ने फिर करवट बदला। अलसुबह घना कोहरा छाया रहा। सुबह 10 बजे से धूप निकल आई। दोपहर को भी धूप व बदली की स्थिति रही। शाम को अचानक नम हवाओं के साथ ठंड बढ़ने लगी। मौसम विभाग के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इसके आने का प्रभाव यह रहेगा कि पांच दिनों तक शीतलहर नहीं चलेगी। 27 व 28 दिसंबर को बारिश हो सकती है। न्यूनतम तापमान में बदली की वजह से कोई विशेष परिवर्तन की स्थिति इन दिनों नहीं है। इसलिए ठंड की स्थिति फिलहाल नहीं बनेगी।

## सुबह कोहरा व बदली, दोपहर धूप, शाम को बढ़ी अचानक ठंड

### बंगाल की खाड़ी से निम्न दाब बढ़ रहा

मौसम विभाग के मुताबिक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के उपर स्थित है । इसके पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी- तटीय तमिलनाडु के निकट पहुंचने की संभावना है । एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के मध्य भाग में स्थित है ।



### आज रहेगा मौसम शुष्क

मौसम विभाग के मुताबिक 23 दिसम्बर को न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है । किन्तु विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है । इसलिए मौसम शुष्क रहेगा। दक्षिण छत्तीसगढ में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन जारी रहने के कारण हल्के और निम्न स्तर के बादल रह सकते हैं ।

### नया पश्चिमी विक्षोभ का यह प्रभाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को 27 दिसम्बर को प्रभावित करने के कारण 27 व 28 दिसम्बर को उत्तर छत्तीसगढ में हल्की वर्षा सम्भावित है । 30 दिसम्बर से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की सम्भावना बन रही है । रविवार यानी 22 दिसंबर को दुर्ग का न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है।

## डीएमएफ से मिले थे स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पैसे

# स्कूलों ने सालभर में शुरू नहीं किए 102 कार्य सरकार बदली तो लौटाने पड़े 2.11 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तत्कालीन सरकार ने दुर्ग जिले के 40 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम स्कूलों में सुविधाएं मुहैया करवाने के नाम पर 5.29 करोड़ रुपए की मंजूरी दी थी लेकिन संस्था प्रमुखों ने बड़ी लापरवाही दिखाई। स्वीकृत राशि का इस्तेमाल नहीं किया गया। स्कूल प्रबंधकों की लापरवाही के चलते इन स्कूलों से 2.11 करोड़ रुपए वापस मंगवानी पड़ी। ये रकम 102 कार्यों के लिए डीएमएफ से स्कूलों को जारी किए गए थे। सरकार बदलने के बाद जारी रकम का हिसाब मांगा गया तो यह पता चला कि स्कूल प्रबंधकों ने जिस मद के लिए पैसा मंजूर हुआ है उसे खर्च ही नहीं किए। वर्ष 2023 में इस पैसे को भेजा गया था।



### 29 स्कूलों में नहीं बंट पाई डायरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम व हिन्दी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट्स डायरी देने डीएमएफ से पैसे की मंजूरी दी गई। जिले के 29 स्वामी आत्मानंद स्कूलों के लिए 17 लाख 23 हजार रुपए की मंजूरी मिली। इसमें से 6 लाख 89 हजार रुपए का आबंटन भी स्कूलों में मिला था। इस कार्य के न होने की वजह से यह राशि लौटानी पड़ी।

### 32 स्कूलों ने नहीं खरीदे फर्नीचर

स्वामी आत्मानंद विद्यालय और नवीन स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने फर्नीचर उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। 90 लाख 25 हजार रुपए से 32 इन विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर का इंतजाम करना था। 36 लाख 10 हजार रुपए दिए गए। प्रत्येक स्कूल को 40 नग टेबल व बेंच खरीदी करना थी। काम नहीं किया और ये पैसे वापस लिए गए।

### 40 स्कूलों से खेल सामग्री फंड वापस

जिले के 40 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालयों खेल सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए 2 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई थी। जिसमें से 80 लाख रुपए स्कूलों को जारी किए गए। बैंडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल खेल मैदान के लिए सामग्री व मेट आदि का इंतजाम करना था। महीनों तक इस फंड का उपयोग नहीं किया और अब वापस करना पड़ा।

### बालिकाओं के लिए सेनेटरी पेड नहीं लिए

शासन की मंशा रही कि सरकारी स्कूलों के किशोरी छात्राओं के लिए सेनेटरी पेड मुहैया करवाया जाएं। इस मंशा से डीएमएफ से 3 लाख रुपए की मंजूरी दी गई। पहली किश्त के रूप में 1 लाख 20 हजार रुपए भी स्कूलों को दिए गए। स्कूल प्रबंधकों ने छात्राओं के लिए मिले इस राशि का उपयोग नहीं किया। लिहाजा रकम वापसी करवाई गई।

### 10 स्कूलों के लिए स्मार्ट बोर्ड

जिले के 10 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए 2 करोड़ 18 लाख 89 हजार रुपए मंजूर किए गए। इस राशि से स्मार्ट बोर्ड का इंतजाम करना था। पेंट व पुट्टी से स्कूलों का नया लुक देने आदि पर खर्च करने के लिए बकायदा 87 लाख 55 हजार रुपए भी स्कूलों को मिले। उसके बावजूद यह राशि पड़ी रही। जिसे वापस मंगवा लिया गया।

### परिसर के भीतर सुविधाएं विकसित करने 10.61 लाख मंजूर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय धनोरा और शासकीय आदर्श महाविद्यालय दुर्ग के परिसर में सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए शासन ने मंजूरी दी। इन दोनों कॉलेजों के लिए 10 .61 लाख रुपए की मंजूरी मिली। 4.24 लाख रुपए की पहली किश्त भी दोनों कॉलेजों को दिए गए लेकिन प्रबंधकों ने काम ही शुरू नहीं किया। लिहाजा पैसे वापस ले लिए गए।

### इसलिए मंगवाए जारी फंड स्कूलों से

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम व हिन्दी माध्यम विद्यालय पूर्व मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा। इसलिए उनकी मंशा थी कि डीएमएफ व अन्य मदों से इन विद्यालयों की स्थिति निजी स्कूलों की भांति हो। इसके लिए ही उन्होने स्कूलों को फंड जारी करवाया। स्कूल प्रबंधकों ने फंड मिलने के बाद भी उसके उपयोग करने में लापरवाही दिखाई। नतीजा यह हुआ कि प्रदेश में सरकार बदलते ही स्कूलों को कांग्रेस शासनकाल में जारी फंड को वापस मंगवा लिए गए।

# डिजिटल अरेस्टः महिला 45 लाख रुपए की ठगी का शिकार होने से बची

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

साइबर अधिकारी का झांसा देकर महिला व उसके बेटे को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने का प्रयास किया जा रहा था। बैंक कर्मियों की सूझबुझ से महिला का 45 लाख रुपए बच गए । घटना रिसाली एसबीआई की है ।

- बैंक कर्मचारियों की सजगता काम आई

मिली जानकारी के मुताबिक 19 दिसंबर को रिसाली की एक विधवा महिला और उसका 22 वर्ष के बेटे को ठगों ने वीडियो कॉल किया। खुद को साइबर क्राइम अधिकारी बताकर महिला को सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वीडियो अपलोड करने का पहले झांसा दिया। ठगों ने दावा किया 28 सितंबर को वो मुंबई में क्या कर रही थीं और कहां गई थीं। इसके बाद कहा कि मुंबई क्राइम ब्रांच में उनके खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला को मनी लॉन्ड्रिग में संलिप्त होने की जानकारी दी। ठगों ने आईसीआईसीआई बैंक में बड़ा अमाउंट होने तक की जानकारी महिला को दिया है। वीडियो कॉल में ही आईसीआईसीआई बैंक के हेड-क्वार्टर में बैठी अधिकारी पूजा महात्रे और दीपेंद्र चतुर्वेदी को कॉन्फ्रेंस में लेने की बात कहते हुए ठगों ने महिला से बात कराई थी। महिला से किसी समाधान पवार से भी बात भी कराई गई। उसने खुद को इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेशन अधिकारी बताया और कहा कि उनके घर आधे घंटे में मुंबई पुलिस गिरफ्तार करने पहुंच रही है। इस बात से महिला डर गई तो मामले को सेटल करने के लिए महिला से रुपए का डिमांड ठगों ने की। परेशान महिला ने अपना 45 लाख रुपए का एफडी तुड़वाने के लिए बैंक पहुंच गई।

### ऐसे बचाया महिला के पैसों को

घबराकर महिला सीधे भारतीय स्टेट बैंक रिसाली ब्रांच में गई। अपने 35 लाख रुपए के एफडी को तुड़वाने दस्तावेजी औपचारिकता पूरी करने लगी। परेशान महिला किसी से वीडियो कॉल पर बात कर रही थी जिसे देखकर बैंक मैनेजर विनीत नायर को संदेह हुआ। महिला ने अपने सेविंग और एफडी के पैसे मिलाकर कुल 45 लाख रुपए दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने के लिए आरटीजीएस फॉर्म भरा। फिर बैंक के अधिकारियों ने देखा कि महिला एक साथ इतना बड़ा अमाउंट किसी शिदामोन एंड बाइयामोन के करंट अकाउंट में भेज रही है। यह अकाउंट आईसीआईसीआई बैंक का था जो कि असम के सिलचर यूकेडी रोड का था। ऐसे में बैंक की ग्राहक सेवा अधिकारी विनीता साहू ने महिला से पूछताछ की। बैंक के अधिकारियों ने महिला को अलग-अलग बहाने से करीब 2-3 घंटे तक रोककर रखा। इसके बाद बैंक की सहायक प्रबंधक चंदा यादव और ब्रांच मैनेजर विनीत नायर ने महिला की काउंसिलिंग की। उन्हें समझाया और विश्वास में लेकर बताया कि उनके साथ फ्रॉड हो रहा है। तब जाकर महिला समझी और रुपए नहीं भेजे।

# आरक्षित सरकारी जमीन पर कब्जा, कहां पर बनाएंगे पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के गरीबों के आशियाना का सपना साकार करने का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं। उस संकल्प को पूरा करने विष्णुदेव साय सरकार छत्तीसगढ़ में 16 लाख पीएम आवास बनाकर गरीबों को देने में जुटा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी तरह की कोताही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं करने का दावा भी सरकारी हुकुमरानों और सत्तासीन नेताओं द्वारा किया जा रहा है, लेकिन प्रदेश के एक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चिन्हांकित जमीन पर दर्जनभर से ज्यादा लोगों ने कब्जा कर लिया है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने, अवैध प्लाटिंग और लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई का मुद्दा विधानसभा में भी उठा है।

ताजा मामला दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत मुरमुंदा का है। स्टेट हाईवे पर बसे इस ग्राम पंचायत की जमीनें बेहद कीमती है। यहां छत्तीसगढ़ गृह



निर्माण मंडल ने एमआईजी, एलआईजी सहित कई तरह के मकान बनाकर राजीव नगर बसा दिया है। हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट और दर्जनभर से ज्यादा गांवों का सेंटर होने की वजह से जमीन की कीमतें भी यहां काफी महंगी है। लिहाजा ग्राम पंचायत एरिया के सरकारी जमीन पर कब्जा जमाने की होड़ मची हुई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चिन्हांकित खसरा नंबर 979 की एक एकड़ जमीन पर कब्जा होने के बाद ग्राम पंचायत ने संबंधित 12 लोगों को नोटिस जारी कर दिया। राजस्व महकमे के संज्ञान में मामला लाया और कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन भी दिया, लेकिन वाह से अफसरशाही...। विष्णुदेव साय के सुशासन को अफसर कुशासन में बदलने पर अमादा है। जिन अफसरों पर कब्जा हटाने की जिम्मेदारी हैं, वे ही कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं कर संरक्षण दे रहे हैं। ग्राम पंचायत के कार्रवाई प्रतिवेदन पर भी राजस्व अफसर खामोश हैं।

### सेटिंग से कब्जे काखेल

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आरक्षित जमीन पर कब्जा कराने एक गिरोह सक्रिय है। राजस्व महकमे के अफसर भी इसमें मिले हुए हैं। ग्राम पंचायत सचिव ने 12 लोगों को नोटिस जारी कर दिया। पंचायत सचिव ने अहिवारा तहसीलदार और एसडीएम दफ्तर भिलाई-3, सीईओ जनपद पंचायत और अहिवारा थाना में भी इसकी जानकारी देकर जगह जल्द खाली कराने का आवेदन दिया, लेकिन संबंधित राजस्व अफसरों ने आवेदन पर कोई ध्यान ही नहीं दिया। कुछ तथाकथित लोगों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चिन्हांकित एक एकड़ जमीन पर दबंगाई दिखाते हुए कुछ लोगों द्वारा पैसे लेकर कब्जा कराया जा रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को कैसे पक्का मकान मिलेगा यह बड़ा सवाल है।

### भेजा गया है प्रतिवेदन

“ प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आरक्षित भूमि पर कब्जा है। कब्जाधारियों को पंचायत द्वारा जमीन खाली करने नोटिस भी जारी किया गया है। ग्राम पंचायत की तरफ से कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को प्रतिवेदन भेजा गया है। जमीन से कब्जा कब हटेगा यह राजस्व अधिकारी ही बता सकते हैं। - **उत्तम सिंह राजपूत** ग्राम सचिव, मुरमुंदा

### होगी कार्रवाई

“ प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आरक्षित जमीन पर कब्जा की शिकायत मिली है। तहसीलदार को जांच के लिए आदेशित किया गया है। सरकारी जमीन पर कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच कर कार्रवाई करेंगे। - **महेश सिंह राजपूत** एसडीएम, भिलाई-3

# 108 एम्बुलेंस स्टाफ़ ने गर्भवती महिला का घर पर कराया सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

108 टीम की सूझबूझ और तत्परता से गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। महिला ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। गंगानगर कुम्हारी निवासी अंजू ध्रुव को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 के पायलट नरोत्तम बघेल और ईएमटी रूपेश कुमार तुरंत गर्भवती महिला के घर पहुंचें। घर पहुंचने पर ईएमटी रूपेश कुमार ने देखा कि अंजू को तेज प्रसव पीड़ा हो रही है और यह प्रसव का अंतिम क्षण है। ईएमटी रूपेश ने अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और परिजनों के सहमति उपरांत प्रसव प्रक्रिया प्रारंभ की। कुछ क्षणों पश्चात अंजू के स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। प्रसव के बाद माँ और बेटी को सीएचसी कुम्हारी में एडमिट कराया गया। सुरक्षित प्रसव के लिए परिजनों ने 108 टीम को धन्यवाद दिया।

- स्टॉफ की सूझबूझ आई काम
- ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर से लेती रही तकनीकी सलाह



## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सम्मेलन में सीएम होंगे शामिल

# सम्मेलन में दुर्ग संभाग से सैकड़ों शिक्षक होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का शिक्षक सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में दुर्ग संभाग से सैकड़ों शिक्षक शामिल होंगे। 27 दिसंबर को रायगढ़ में आयोजित इस सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिरकत करेंगे। इसके अलावा मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहेगें। संघ के प्रांतीय संगठन का निर्वाचन पिछले महीने हुआ है। इस सम्मेलन में नवनिर्वाचित पदाधिकारी शपथ लेंगे। इसके अलावा प्रदेश के शिक्षकों की समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी और मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष रखा जाना है।



उपप्रांताध्यक्ष हरिशर्मा, संभाग अध्यक्ष भुवन सिन्हा, संभाग सचिव रविन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि संगठन के प्रमुख पदों में अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर वस्तर, महामंत्री मनोज राय रायगढ़, कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाडे, अंबिकापुर से निर्वाचित किये गए। प्रांत के समस्त निर्वाचितः पदाधिकारी, संभाग अध्यक्ष, संगठन मंत्रीयों के द्वारा एक दिसम्बर को मुख्यमंत्री साय से सौजन्य भेट किया गया।

### ये होंगे सम्मेलन के कार्यक्रम

प्रमुख प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकारसिंह ठाकुर ने बताया कि सुबह 10 बजे से 11 बजे तक प्रातीय महासभा की बैठक होगी। आमसभा दोपहर एक बजे तक चलेगी। भोजन पश्चात २ बजे से कार्यक्रम प्रांरभ होगा। प्रतिनिधियों, शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में सभी जिलों का निर्देशित कर दिया गया है। दुर्ग संभाग से भी उपप्रांताध्यक्ष के लिए अनिता सिहं प्राचार्य, प्रांतीय मंत्री टीकम सिंह साहू, प्रांतीय कार्यकारिणी के लिये क्रमशः डी. के पुरोहित, राजनांय योगी का चयन किया गया है। संगठन मंत्री वाय. के दिल्लीवार ने बताया कि पूर्व दिवस पहुंचने वाले शिक्षकों के लिये विभिन्न धर्मशालाओं में आवास एवं भोजन की व्यवस्था की गई है।

# मंत्री साव को निकाय कर्मियों की समस्याओं से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ (बी. एम. एस.) के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव से भेंट कर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु नवीन पद सृजन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। निकायो में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया।

महासंघ के महामंत्री शरद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव से उनके रायपुर निवास कार्यालय में भेंट कर संघ के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतो में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों के वेतन भुगतान में आ रहे वित्तीय कठिनाई , एकांगी पदों पर कार्यरत अधिकारी -कर्मचारी की पदोन्नति चैनल निर्धारित कर पदोन्नति करने,निकायो में शेष बचे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका प्रथा समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने, पुराना पेंशन योजना लागू करने, छटवाँ व सातवाँ वेतनमान का एरियर्स प्रदान करने सहित अन्य समस्याओं का पत्र सौप कर शीघ्र निराकरण किये जाने का मांग की।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### स्कूलों में मनाया सामूहिक तुलसी पूजन दिवस

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वधान में दुर्ग जिला के बालसंस्कार विभाग द्वारा संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से तुलसी पूजन दिवस दुर्ग जिला के 51 स्थानों में मनाई गई। उसी कड़ी में नव मंगल हाई स्कूल पूरई, शा. गया बाई पूर्व माध्यमिक शाला गया नगर दुर्ग, तिलक विद्यालय दुर्ग, के डी विद्यालय दुर्ग में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। सभी 25 दिसंबर को अपने अपने घरों में तुलसी पूजन दिवस मनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम समिति संस्था द्वारा 1 से 25 दिसंबर तक यह कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई है। सभी स्कूल के बच्चे और शिक्षक उत्साह से कार्यक्रम में सहयोग भी प्रदान किया। समिति द्वारा शिक्षकों को नूतन वर्ष 2025 का कलेंडर भी उपहार के रूप में दिये गए। समिति द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम देश भर के 450 आश्रम की समिति में मनाया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### वरिष्ठ नागरिकों ने किया 4 लाख के कार्य का भूमिपूजन



**दुर्ग।** गंजपारा वार्ड क्रमांक 36 में वर्षों पुराना कुआ के पास सौदर्यीकरण एवं नाली निर्माण कार्य का पार्षद एवं बाजार विभाग प्रभारी ऋषभ जैन बाबू ने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर भूमिपूजन किया। बता दें पिछले दो दशकों से वार्ड के नागरिकों की मांग पर गंजपारा वार्ड के पार्षद ऋषभ जैन बाबू ने पार्षद निधि से पुराना कुंआ के आस पास सौंदर्यीकरण लाइट, नाली निर्माण कार्य के लिए 4 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमि पूजन के अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक एवं समाज सेवी विट्ठलदास भूतड़ा, जीवन लाल जायसवाल, दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित सुनील पांडेय, सुरेश गुप्ता, विजय मनहरे, रमेश गुप्ता, विजय गुप्ता, सतीश कश्यप, मनोज श्रीवास्तव अन्य उपस्थित थे।

### डोड़की स्कूल में मनाया सुशासन सप्ताह

शनिवार को बैगलेस डे पर बच्चों ने



सुशासन सप्ताह अंतर्गत बैगलेस डे पर विभिन्न बच्चों ने रंगोली, चार्ट पेपर पर पोस्टर, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुशासन सप्ताह में विभिन्न बच्चों ने पत्र लेखन कर उनके सुशासन की जानकारी दी गई। शासन की विभिन्न योजनाओं को मेहंदी, रंगोली, पत्र लेखन, पोस्टर निर्माण कर पालकों को जानकारी दी। साथ ही बच्चों ने विद्यालय क्रिसमस डे भी मनाया एवं सांताक्लास बनकर बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया गया। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य उपस्थित रहे।

# जल्द शुरू होगा सगनीघाट-सिल्लीघाट के बीच नए पुल पर आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के सगनीघाट और सिल्लीघाट के बीच शिवनाथ नदी पर निर्माणाधीन नए पुल का काम पूर्ण होने के कगार पर है। 14 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बन रहे पुल का 95 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। अभी पुल के दोनों ओर सीसी रोड निर्माण का काम प्रगति पर है। अगले कुछ दिनों में पुल के ऊपर बीटी वर्क के बाद पुल आवागमन के लिए तैयार हो जाएगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा दुर्ग-धमधा मार्ग को जालबांधा-खैरागढ़ मार्ग से जोड़ने वाली सड़क में शिवनाथ नदी पर सगनीघाट और सिल्लीघाट के बीच 400 मीटर लंबे नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के 12 गांवों की करीब 20 हजार आबादी के साथ ही इस मार्ग का उपयोग कर जिला मुख्यालय दुर्ग, विकासखंड मुख्यालय धमधा, जालबांधा एवं खैरागढ़ की ओर आने-जाने वालों को फायदा होगा। धमधा, ननकट्टी, सगनी, लिटिया, बोरी और सिल्ली जैसे कई गांवों के लोग अब नदी के उस पार के गांवों में बारहों महीने निर्बाध आवागमन कर सकेंगे। इससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## पुल का 95 प्रतिशत काम पूरा, 14 करोड़ रुपए की लागत से शिवनाथ नदी पर बन रहा पुल



### क्षेत्रवासियों का बड़ी राहत

शिवनाथ नदी पर इस निर्माण से दोनों किनारों के गांवों के बीच परितनम हो जाए हो जाएगा। अब तक नदी पार करने में लोगों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन नए पुल के शुरू होने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। क्षेत्रवासियों ने इस पुल को जल्द चालू करने की उम्मीद जताई है, जिससे उन्हें दैनिक कार्यों और व्यवसाय के लिए कहीं भी आ-जा सकने में सहूलियत होगी।



### विधेयक लागू : कांग्रेस सरकार ने पार्किंग की जगह को भी किया था नियमितीकरण

# पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी तो अब 25 हजार से 2 लाख तक जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग


राज्य शासन ने विधानसभा में भू राजस्व संहिता संशोधन विधेयक 2024 लागू कर दी है। इसके बाद अब 2011 से पहले बनाए गए मकानो में अगर कार पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है तो इसके लिए 25000 से 2 लाख तक जुर्माना वसूल किया जाएगा। हालांकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पार्किंग की जगह को भी निमित्तिकरण कर दिया गया था। लेकिन हाल ही विधानसभा सत्र में ले नए विधेयक में पुराने नियम में बदलाव करते हुए जमाने का प्रावधान किया गया है।

राज्य शासन द्वारा लाय गए इस विधेयक के बाद ऐसे लोगों में एक बार फिर से खलबली मच गई है जो कांग्रेस सरकार के दौरान नियतिकरण कर चुके हैं। क्योंकि उसे दौरान भी वर्ष 2011 से पहले बने मकान का नियमितीकरण किया गया है। जानकारी अनुसार विधेयक में बताया गया है कि, पार्किंग में निर्धारित स्थान से अगर 25 प्रतिशत से कम पर हर कार स्थान के लिए 50 हजार रुपए, 25 प्रतिशत से अधिक एवं 50 प्रतिशत तक होने पर एक कार के लिए एक लाख रुपए, 50 प्रतिशत से अधिक एवं 100 प्रतिशत तक होने पर प्रत्येक कार स्थान के लिए दो लाख रुपए शास्ति (जुर्माना) लगेगा। यह संशोधन 2011 के पहले अस्तित्व में आए अनियमित निर्माण पर लागू होगा।

## पुराने प्रकरणों की भी हो सकती है फिर से निर्धारण

**खास बातें**

- पुराने नियमितीकरण के प्रकरणों को लेकर उठ रहे सवाल
- फिर से निर्धारण के चलते होगी लोगों को परेशानी
- विधेयक के बाद नागरिकों में मची खलबली



### सरकार जाने के बाद हजारों प्रकरण पेंडिंग

विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस सरकार के जाने के बाद वर्तमान सरकार द्वारा पेंडिंग हजारों प्रकरणों पर विचार नहीं किया गया है। हजारों प्रकरण पहले ही विधानसभा चुनाव के कारण पेंडिंग थे, बही लोकसभा चुनाव के चलते भी करीब 2510 प्रकरण आगे नहीं बढ़ पाय। जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 के सितंबर माह में बैठक होने के बाद दुबारा बैठक आयोजित नहीं की गई थी। उल्लेखनीय हैं कि,

### 2430 प्रकरण निकायों से नहीं मिले

जानकारी अनुसार नगरनिगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, चरोदा और नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, नगर पंचायत पाटन, नगर पालिका परिषद कुम्हारी और तीनों अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, धमधा और पाटन में 11700 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें 9070 प्रकरण टाउन प्लानिंग विभाग को अनुमोदन के लिए मिले है। वही करीब 2430 प्रकरण निकायों से प्राप्त नहीं हुए हैं। करीब 5623 प्रकरण निराकृत हो चुके हैं। वही आगामी बैठक के लिए 2510 प्रकरण पेडिंग है।

### चालीस करोड़ रुपए राशि अधिरोपित

अनाधिकृत विकास के नियमितिरण के लिए पिछले वित्तिय वर्ष में नगरनिगमों द्वारा कई बार शिविर का आयोजन भी किया गया। लेकिन लोग अंतिम वित्तिय वर्ष में भी रुचि दिखाए है। जानकारी अनुसार निकायो द्वारा चालीस करोड 18 लाख 58 हजार 703 रुपए विभिन्न प्रकरणों में राशि अधिरोपित किए गए है। जिसमें से विभाग को साढे पांच हजार से अधिक प्रकरणों के जरिए 27 करोड 7695306 रुपए प्राप्त हुए है। बकाया राशि की वसूली

### इंतजार कर रहे

उम्मीद है कि राज्य शासन द्वारा ले गए विधायक के अनुसार आदेश जारी किया जाएगा। बाहर अभी आदेश नहीं मिला है। पुराने प्रकरणों को लेकर मार्गदर्शन मांगा जाएगा।

**-सूर्यभान ठाकुर,** संचालक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग दुर्ग

# संभागायुक्त से अधिक धान तौलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने आज दुर्ग संभाग कमिश्नर एस एन राठौड़ से मुलाकात कर उन्हें धान खरीदी केंद्रों में निर्धारित धान से अधिक धान तौलने की शिकायत की है। इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कहा गया है कि संभाग के लगभग सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों की विवशता का अनुचित लाभ उठाकर निर्धारित से अधिक मात्रा में धान की तौल की जा रही है सूखत के नाम पर प्रत्येक तौल में आधा से एक किलो अधिक तौल की जाती है जिससे किसानों को 60-70 रू प्रति क्विंटल की आर्थिक क्षति हो रही है।

- छग प्रगतिशील किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर से आग्रह किया है कि संभाग के सभी जिलों के खरीदी केन्द्रों में जांच कराया जाए। समितियों में स्टैग से धान के बोरों में से कुछ बोरे का रेंडम तौल करके शिकायत की पुष्टि की जा सकती है। संगठन की ओर से आग्रह किया गया कि दोषी पाए जाने पर कार्यवाही किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में राजकुमार गुप्त, आई के वर्मा, मेघराज मढ़रिया, बद्री प्रसाद पारकर, बाबूलाल साहू, कल्याण सिंह ठाकुर, उत्तम चंद्राकर और पुरूषोत्तम बाघेला आदि शामिल थे।

## बकायादारों से होगी ऋण की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में राष्ट्रीय निगम राज्य निगम की विभिन्न स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगार वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने ऋण उपलब्ध कराया गया है। ऋण की राशि मय ब्याज के 5 वर्ष में वापसी करने का प्रावधान है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार हितग्राहियों द्वारा मासिक किश्त की बकाया राशि जमा करने में रूचि नही ले रहे है। जिससे ऋण कलाकित को गये है। ऐसे डिफाल्टर हितग्राहियों की सूची संबंधित एसडीएम को ऋण वसूली में सहयोग हेतु भेजी गई है। आसन्न नगर निगम त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के बकायादारों से चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने के समय अंत्यावसायी कार्यालय द्वारा जारी ऋण मुक्त, अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात ही नामांकन दाखिल कराये जाएंगे ताकि डिफाल्टर हितग्राहियों से ऋण वसूली की जा सकें।

# श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर गणित मेले का किया आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सरस्वती शिशु मंदिर उ मा विद्यालय कसारीडीह में 21 दिसंबर को गणित मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य अनिल गुप्ता थे। उन्होंने श्रीनिवास रामानुजन का संक्षिप्त परिचय के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को गणित के रोचक तथ्यों से अवगत कराए। कार्यक्रम में विद्यालय गणित प्रभारी रमेश कुमार सोनारे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन कक्षा अष्टम की छात्रा गौरवी शर्मा ने किया। अन्य छात्र छात्राओं ने उल्टी गिनती, सीधी गिनती, पहाड़ा गणितीय मॉडल, गणितीय व्यंजन, गणितीय आकृतियों की पहचान, अवलोकन कर श्रीनिवास रामानुजन की जयंती कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य, दीदीयाँ उपस्थित थे।

इसी प्रकार प्राथमिक विभाग में कक्षा चतुर्थ पंचम में गणित विषय का अध्यापन कराने वाले आचार्य निकेश श्रीवास्तव, श्रीमती संतोषी पटेल दीदी के मार्गदर्शन में उल्टी गिनती, सीधी गिनती, पहाड़ा व जीवन परिचय सहित विविध गतिविधियाँ कर श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई।

## सीसी रोड निर्माण के लिए 14.09 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा के दो कार्य के लिए 14 लाख 9 हजार रूपए स्वीकृत किया गया है।

विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ाद्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी ग्राम पंचायत नारधा में सीसी रोड निर्माण कार्य पाण्डेय ब्यारा से कोष्टा तालाब तक के लिए 6 लाख 98 हजार रूपए एवं ग्राम पंचायत नारधा में सीसी रोड निर्माण कार्य लखन वर्मा घर से कोटवार घर तक के लिए 7 लाख 11 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### भरदा में कबड्डी प्रतियोगिता 25 को

**दुर्ग।** ग्राम भरदा (कोनारी) में कबड्डी मैच का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है। जिसमें विजेता टीम के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 11,001 द्वितीय 7001, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001 रुपये रखा गया है। व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखा गया है। समिति के अध्यक्ष शुभम देशमुख ने इसकी जानकारी दी।

# बीएलसी हितग्राहियों को अपना मकान शीघ्र पूरा करने आयुक्त ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना को देखने शनिवार को आयुक्त सुमित अग्रवाल मौके पर पहुँचे। उन्होंने पहले दिए गए निर्देशों के मुताबिक कार्य के प्रगति की समीक्षा की। औचक निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त अधिकारी-कर्मचारी व एजेंसी के लोग उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने उरला क्षेत्र के मकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान देखे की ऐसे मकान जो प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के तहत में तैयार किया जा रहे हैं, जो की कंप्लीट होने के कगार पर हैं जिन्हें तीन किस्त जारी हो चुका है।

- औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

मकान कंप्लीट होने के बाद चौथा किस्त जारी किया जाएगा। आयुक्त ने मौके पर हितग्राहियों से कहा जल्द से जल्द अपना मकान पूर्ण करें ताकि उनके खाते में अंतिम किस्त जारी की जा सके जिस गति से हितग्राही अपना मकान कार्य संपूर्ण करते हैं उस गति से ही किस्त जारी की जा रही है या नहीं मौजूद अधिकारियों से जानकारी रिपोर्ट मांगी। आयुक्त ने दिव्यांग महिला श्रीमती सतरूपा



मानिकपुरी के घर का भी अवलोकन किया। जिनके मकान लगभग पूर्ण होने को है। आयुक्त ने उन्होंने आश्वासन दिया कि मकान पूर्ण होने के दूसरे ही दिन आपको किस्त जारी कर दी जाएगी। आयुक्त ने हितग्राहियों के मकान पूर्ण होने पर उन्हें बधाई दी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी घटक एएचपी के लिए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा जिन ब्लॉकों की लॉटरी हो चुकी है, उसके हितग्राही 50 फीसदी तक राशि जमा कर चुके हैं। उन मकानों के ब्लॉक को समय अवधि में पूर्ण करने कहा। इससे हितग्राहियों को समय अवधि के अंदर मकान में शिफ्ट किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम कार्य मकान तक पहुंच मार्ग को पहले पूर्ण करें। इससे हितग्राही आकर अपने मकानों का निरीक्षण कर सकें। जो भी पूर्व में खिड़की, दरवाजे, नल, पाइप, वाश बेसिन लगाए गए हैं, सब व्यवस्थित होने चाहिए। किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी जिम्मेदार होगी। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नवीनीकरण के साथ बनाए जा रहे हैं श्रमिक कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक वर्ग को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभान्वित करने नये पंजीयन कार्ड बनाने के साथ नवीनीकरण भी किये जा रहे हैं। जिले में निर्माण स्थल, औद्योगिक क्षेत्र तथा श्रमिक बस्ती एवं ग्राम पंचायतों में श्रम शिविर, मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिवस जिले के विभिन्न स्थानों में 7 पंजीयन शिविरों के माध्यम से 94 श्रमिक पंजीयन तथा 23 श्रमिक कार्ड नवीनीकरण किया गया है। इसी प्रकार दुर्ग नगर के श्रमिक बस्ती उरला, बाम्बे आवास में भी श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित कर 66 श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई और 30 श्रमिकों का श्रमिक पंजीयन कार्ड वार्ड के स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से श्रमिकों को वितरित किया गया।

### महिला समिति की मांग पर सामुदायिक भवन भी बनेगा

# जयंती नगर के दो प्रमुख सड़क होंगे दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड 16 जयंती नगर के रहवासियों को कच्ची सड़क में आवागमन से निजात मिलने वाली है। वार्ड के दो प्रमुख सड़क का सीमेंटीकरण और डामरीकरण किया जायेगा। इसके अलावा महिला समिति की मांग पर सामुदायिक भवन भी बनेगा। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने चुनाव में किये वादे के अनुरूप उनकी मांग को पूरा करते हुए वार्ड के नागरिकों के साथ भूमिपूजन किये। उन्होंने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा

- विधायक गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन



की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के पूरी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। यह कार्य भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


पटरीपार क्षेत्र में विकास के लिए प्रदेश सरकार से निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है इसी कड़ी में आज वार्ड 16 जयंती नगर सड़क को दुरुस्त करने भूमिपूजन किये। कॉलोनी में आने जाने प्रमुख सड़क अब तक पक्का नहीं हो पाया है, जिससे बारिश के सीजन में आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अपनी समस्याओ को लेकर नागरिकों ने शहर विधायक के समक्ष संज्ञान में लाए और कुछ महीनों में ही उनके वार्ड के सड़क बनाने शासन से राशि स्वीकृत हो गई। भूमिपूजन में पहुँचे विधायक गजेन्द्र यादव का वार्ड की महिलाओं ने स्वागत अभिनन्दन किया।

इस दौरान पार्षद खिलावन मटियारा, गुलाब साहू, बबलू यादव, नीतू राजपूत, उमेश यादव, पार्षद कुलेश्वर साहू, मनीष साहू, कांशीराम कोसरे, कमल देवांगन, चंद्रशेखर चंद्राकर सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

### यहां होंगे कार्य

वार्ड 16 जयंती नगर में स्वीकृत 35 लाख की राशि से 16 लाख से सीमेंटीकरण सड़क और 19 लाख से डामरीकरण होगा। वार्ड में ही शिव मंदिर के पास 10 लाख की राशि से एक सामुदायिक भवन बनेगा जहाँ वार्डवासी आयोजन कर सकेंगे। मौके पर उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की दुर्ग शहर को विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने लगातार काम किये जा रहे है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग में विकास कार्यों की लगातार सौगात मिल रही है।

## प्रभात फेरी निकालकर दिया तुलसी पूजन दिवस का संदेश



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में बालसंस्कार विभाग और युवा सेवा संघ साधकों द्वारा 25 दिसंबर तुलसी पूजन दिवस मनाने का शुभ संदेश देते हुए प्रभात फेरी कसारीडीह दुर्ग में निकाली गईएयह प्रभात फेरी यात्रा की शुरुवात पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरुआत कर पूरे कसारी डीहएसुभाष नगर घुमाए गएएइस यात्रा का जगह जगह स्वागत वंदन व तुलसी पूजन भी हुएएसमिति द्वारा बताई गई की संत श्रीआशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से हर साल की तरह इस साल भी 25 दिसंबर तुलसी पूजन दिवस विशाल रूप से विश्व व्यापी अभियान के तहत ग्राम चिखली दुर्ग में हनुमान मंदिर के पास शाम 4 बजे से सामूहिक तुलसी पूजनएभजन कीर्तन कार्यक्रम की जायेगा गई है आप सभी जरूर आ कर लाभ लेएउक्त जानकारी युवा सेवा संघ द्वारा दी गई।

# अनेकों महायज्ञ के बाद कलयुग सम्राट वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की उत्पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निकुम में एक जनवरी से 26 जनवरी तक होने वाले राजसूय महायज्ञ की उत्पति ऐसे ही नहीं हो रही है।जयशक्ति आश्रम निकुम की पावन धरा में संतश्री माताजी ने अनेक प्रकार के महायज्ञ संपन्न करवाएं हैं तब कहीं जाकर यहां कलयुग सम्राट वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की उत्पत्ति हुई है। युगों बाद राजसूय महायज्ञ के इस आयोजन को लेकर न केवल निकुम बल्कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए सौभाग्यशाली व पावन अवसर है। इसलिए राजसूय महायज्ञ की तैयारी में हर कोई अपनी सेवा और भागीदारी देकर जीवन को सार्थक करने की पहल कर रहा है।

## निकुम में एक जनवरी से 26 जनवरी तक संतश्री माताजी के द्वारा संपन्न कराया जाएगा यह राजसूय महायज्ञ

### चरणबद्ध प्रक्रिया से पूर्ण होगी यह महायज्ञ

निकुम जयश्री आश्रम के संतश्री माताजी बतातें हैं कि वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की रचना अनेकों प्रकार से चरणबद्ध प्रक्रिया से चलकर पूर्ण होती है। इसलिए इन प्रक्रियाओं को महायज्ञ के माध्यम से संपन्न करवाने संकल्पित हैं। स्वयं संतश्री माताजी के द्वारा ही राजसूय महायज्ञ संपन्न करवाएं जाएंगे। महायज्ञ की सफलता के लिए पूरी शिद्दत से धर्मावलंबी जुटे हुए हैं।

### वेदी बनकर तैयार

जयश्री आश्रम निकुम में राजसूय महायज्ञ में आहूति देने के लिए वेदी बनाई गई है। इस वेदी में अग्नि प्रज्ज्वलित कर संतश्री माता जी के मंत्रोच्चार और संपूर्ण देवी-देवताओं के आव्हान होंगे। ऐसा माना जाता है कि महायज्ञ होने से न केवल प्रकृति बल्कि सृष्टि भी सुपोषित होती है। लोग जिस कामना लेकर महायज्ञ में शामिल होते हैं वह पूरी होती है।

### वर्ष 1983 से हो रहे हैं लगातार यज्ञ

निकुम जयश्री आश्रम की पावनधरा में वर्ष 1938 से संतश्री माताजी लगातार यज्ञ कर रहे हैं। संतश्री माता जी बताते हैं कि यज्ञ एक विशिष्ट वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। यज्ञ के जरिये आध्यात्मिक संपदा की भी प्राप्ति होती है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने यज्ञ करने वालों को परमगति की प्राप्ति की बात की है। यज्ञ एक अत्यंत ही प्राचीन पद्धति है, जिसे देश के सिद्ध-साधक संतों और ऋषि- मुनियों ने समय-समय पर लोक कल्याण के लिए करवाया।

### स्वाहा से देवताओं को परोसते हैं भोजन

संतश्री माता जी बताते हैं कि यज्ञवेदी में स्वाहा' कहकर देवताओं को भोजन परोसने से मनुष्य को दुख-दारिद्रय और कष्टों से छुटकारा मिलता है। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। अग्निदेव से प्रार्थना की गई है कि हे अग्निदेवा तुम हमें अच्छे मार्ग पर ले चलो, हमेशा हमारी रक्षा करो। यज्ञ को शास्त्रों में सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा गया है। इसकी सुगंध समाज को सुसंगठित कर एक सुव्यवस्था देती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यज्ञ करने वाले अपने आप में दिव्यात्मा होते हैं। यज्ञों के माध्यम से अनेक ऋद्धियां सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। यज्ञ मनोकामनाओं को सिद्ध करने वाला होता है। विशेष आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए, विशेष संकट निवारण के लिए और विशेष शक्तियां अर्जित करने के लिए विशिष्ट विधि-विधान भी भिन्न-भिन्न हैं। यज्ञ भगवान विष्णु का ही अपना स्वरूप है।

### मानव जीवन को सफल बनाने की आधारशिलाः संतश्री माताजी

संतश्री माता जी बताते हैं यज्ञ में मुख्यतः अग्रिदेव की पूजा की जाती है। भगवान अग्रि प्रमुख देव हैं। हमारे द्वारा दी जाने वाली आहुति को अग्निदेव अन्य देवताओं के पास ले जाते हैं। फिर वे ही देव प्रसन्न होकर उन छवियों के बदले कई गुना सुख, समृद्धि और अन्न-धन देते हैं। यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने के लिए एक आधारशिला है। इसके कुछ भांग विशुद्ध आध्यात्मिक हैं। अग्नि पवित्र है और जहां यज्ञ होता है, वहां संपूर्ण वातावरण, पवित्र और देवमय बन



## खबर संक्षेप

### पाटन कॉलेज की उपलब्धियों से विद्यार्थी हुए रूबरू

**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश में एकदिवसीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और छात्रों का सम्मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार संदीप मिश्रा, जन भागीदारी सदस्य प्रकाश चंद्राकर, सागर सोनी, केवल देवांगन, आदित्य सावर्णी, मिलन देवांगन सहित समस्त जन भागीदारी सदस्य, डीआरएस सेजेस पाटन, स्वामी आत्मानंद स्वामी उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या पाटन, मैत्री विद्यानिकेतन स्कूल पाटन के प्राचार्य थे। पाटन महाविद्यालय की शैक्षणिक, खेल, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रॉस, की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए 12 वी उत्तीर्ण पश्चात पाटन महाविद्यालय में प्रवेश लेने प्रेरित किया।

## निधन

### सरोज जैन



**भिलाई।** हुडको निवासी सरोज जैन का निधन 22 दिसंबर को हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनकी अंतिम यात्रा 23 दिसंबर को उनके निवास एचआईजी- 70, हुडको, भिलाई से सुबह 11 बजे निकलेगी। अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पूर्व प्राचार्य एसके जैन की पत्नी और संजय कोचर एवं संदीप कोचर की मां थीं।

### राम अवतार साहू



**मुरमुंदा।** ग्राम अछोटी निवासी राम अवतार साहू का 21 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अछोटी में किया गया। वे चित्रसेन साहू व तेजराम साहू के पिता और विष्णु प्रसाद साहू के बड़े भाई थे।

### फुंडा, देवादा, सोरम, देमार और बठेना में लोकार्पण कार्यक्रम

# भारतीय जनता पार्टी सिर्फ होर्डिंग में आवास बाट रहेः पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। फुंडा, देवादा, सोरम, देमार, बठेना में शामिल हुए। फुंडा के सामुदायिक भवन लोकार्पण के बाद रीपा में चल रहे कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश सरकार के महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक रहा है। तत्पश्चात देवादा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मृति में निर्मित स्मृति कुंज पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उसके पश्चात लोकार्पण समारोह में मंडी बोर्ड से निर्मित समरसता भवन एवं समग्र विकास से निर्मित कुर्मी भवन का लोकार्पण किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि साय सरकार झूठे सपने दिखाकर लोगों को ठगा जा रहा है। न धान खरीदी सुचारू रूप से चल रहा है न अन्य मद में ग्राम पंचायतों को स्वीकृति मिल रहा है, सिर्फ होर्डिंग में 18 लाख आवास, 3100 रु में धान खरीदी दिखाया जा रहा है। वहीं सोरम पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुदे राम नायक का मूर्ति का अनावरण कर नायक परिवार से मुलाकात कर कुशलक्षेप पूछकर ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन किया जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान का दिया संदेश



वहीं ग्राम देमार में संत शिरोमणि घासीदास बाबा की जयंती में शामिल हुए। उन्होने बाबा गुरु घासीदास का संदेश मनखे मनखे एक समान के संदेश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। पंथी नृत्य के माध्यम से बाबा के संदेश को प्रचारित किया। वहीं बठेना के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन कर ग्रामीणों को सौगात दिया। लोकार्पण भूमिपूजन के कार्यक्रम में सीताराम वर्मा, अमरचंद वर्मा, दीना वर्मा, रमा वर्मा, आशीष वर्मा, राकेश ठाकुर, आनंद बघेल , महेंद्र वर्मा, देवेंद्र चंद्रवंशी, भीखम लाल वर्मा, गोपाल वर्मा, यशवंत वर्मा, सरपंच उर्वशी वर्मा, पीके वर्मा, जयंत वर्मा, जवाहर नायक, कमल विनायक, मोहिनी नायक, मधु वर्मा, बेनी वर्मा, सालिक साहू, नीरज सोनी, गोपाल देवांगन, बलकरण वर्मा, साधना वर्मा, सरपंच लीलाधर वर्मा, दीनदयाल जलक्षेत्र, धनंजय वर्मा सहित ग्रामीण बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### दीपशिखा विद्यालय में में मनाया वार्षिकोत्सव



**उतई।** दीपशिखा विद्यायल डुमरडीह उतई में आयोजित रजत जंयती वर्ष उत्कर्ष वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति दी और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही शाला स्मारिका पत्रिका दीपाकृति का का विमोचन किया गया। शाला परिवार की ओर से विधायक को प्रतीक चिन्ह और शाल श्रीफल भेंट किया गया । इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा यह कार्यक्रम न केवल हमारे विद्यालय की उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि यह हमारे छात्र-छात्राओं की प्रतिभा और उपलब्धियों को सम्मानित करने का भी एक मौका है। इस अवसर पर उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, प्राचार्य केआर सिन्हा, सचिव डीएल सिन्हा, प्रधान पाठक नीलम चंद्राकर, दयाराम साहू, प्रेम लाल सिन्हा, करण सेन, शुभम वर्मा] दीपक विश्वकर्मा, शिक्षक-शिक्षाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जामगांव आर में श्रीराम कथा का आयोजन





**जामगांव आर।** नारी शक्ति समिति ग्रामवासियों द्वारा आयोजित श्री राम कथा के द्वितीय दिवस मे धर्म प्रेमियों ने श्रीराम कथा का रसपान किया। पार्वती जन्म शिव पार्वती विवाह नारद मोह मनु सतरूपा का तप पर व्याख्यान किए। संसगीत श्रीं राम कथा सप्ताह से जामगांव आर का वातावरण धर्ममय हो गया है।आसपास ग्राम से धर्म प्रेमियों ने श्री राम कथा का रस लेने काफी तादात में पहुंचे। आचार्य श्री शिवानंद महाराज ने कहा कि अच्छा कर्म करते जाइए राम जी करेंगे बेड़ा पार ना हो मनवा उदास कर्म का फल मिलना तय है। आचार्य श्री ने कहा कि राम जी की कथा से हमें अपनी समस्याओं का समाधान अपने आस-पास के वातावरण से ही तलाशना चाहिए। इससे हमें अपने आस-पास के लोगों और वातावरण के साथ सामंजस्य बिठाने में मदद मिलेगी और इससे जीवन में शांति और अधिक सफलता मिलेगी। इसलिए जब भी आप किसी समस्या का सामना करें, तो अपने आस-पास ही समाधान तलाशें और आप कभी असफल नहीं होंगे।

नारी शक्ति समिति के समस्त सदस्य मीरा चंद्राकर, नंदनी साहू, शैलेंद्री मंडवी, पूजा गोस्वामी, भनमती पिंकी शुक्ला, उमा चंद्राकर, मेनका निर्मलकर सुरुचि मधु शाहने, लक्ष्मी वर्मा, मालती साहू, प्रमिला, धनेस्वरी, त्रिवेणी साहू, योगेस्वरी साहू, तमेश्वरी साहू टेमंन-साहू, ज्ञान साहू, ग्राम पुरोहित मुकेश शुक्ला आदि ने रसपान किए।

### उत्कृष्ट समाज सेवा कार्य के लिए मितानिनों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**अंडा।** ग्राम पंचायत तिरगा के 25 बिहान समूह मितानिन बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उनके उत्कृष्ट समाज सेवा कार्य के लिए सरपंच घसिया राम देशमुख ने शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। ग्राम के बिहान समूह की देवी शक्तियों ने रात्रि में गस्त दे रहे है। प्रतिदिन ग्रुप में एकत्रित होकर रात्रि में गस्त देकर चौक-चौराहों पर शराब न पीने वा अवैध शराब न बेचने की निवेदन करते हुए ग्राम भ्रमण कर उपद्रवी पर अंकुश लगाने का कार्य कर रही है। इसके अलावा जब देश विपत्ति से जूझ रहा था तो कोरोनाकाल में मास्क पहनने, सेनिटाइजर का उपयोग कर कोविड काल में अनजान व्यक्ति को ग्राम में प्रवेश न करने का गस्त किया था। जिसके लिए ग्राम सरपंच घसिया राम देशमुख व अतिथिगण ग्राम पटेल बाबूलाल देशमुख, शिक्षक रघुनाथ देशमुख, ग्राम सभा पदाधिकारी हीरालाल दिल्लीवार आदि को सम्मानित कर श्रेष्ठ कार्यों की सराहना किया।

#### गांव की व्यवस्था में आया सुधार

गांव की इस व्यवस्था प्रबंध से बहुत सुधार आया है। जब नारी शक्ति जाग जाती है तो गांव वा देश की दशा वा दिशा बदल देती है। साथ ही बच्चों में संस्कार देने का गुण महिला शक्ति में निहित है। अपने गांव बच्चों को शिक्षित, संस्कारवान बनाए ताकि गांव की एक अलग पहचान बन सके तिरगा एक आदर्श संस्कारवान गांव स्थापित हो यही हमारा कामना है। इनका हुआ सम्मान उपस्वास्थ केंद्र एएनएम डी. देशमुख, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नेहा तिवारी, टुमेश्वरी बेलचंदन, मितानिन पवन देशमुख, कोमेश्वरी देशमुख, वीना यादव, शकुंतला देशमुख, भेमेश्वरी बेलचंदन, समस्त बिहान समूह प्रगति स्व. सहायता समूह, विकाश समूह, श्रीसाईं, महिमा, जय मां अम्बे समूह, जय मां गंगा , जिज्ञासा समूह, प्रतिज्ञा समूह, जय मां दुर्गा , जय बूढ़ा देव समूह, नई किरण समूह, शुभ समूह, जय मां शीतला समूह, राजलक्ष्मी समूह, प्रज्ञा समूह, शारदा समूह, जय मां तुलसी समूह, क्रांति समूह, साधना समूह, जागृति समूह, लक्ष्मी समूह, सरस्वती समूह, नवजागृति समूह, शिवा जी समूह ने सम्मान हासिल किया कार्यक्रम का संचालन घनश्याम देशमुख ने किया।

## कलश यात्रा के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा



126 तालाबों के लिये प्रसिद्ध ऐतिहासिक धमधा नगर में कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देव स्थापना की गई। बूढ़ा तालाब शीतला मंदिर में गंगा आरती के साथ

- धरोहरों और संस्कृति के संरक्षण पर जोर

कलश में जल भर यज्ञ स्थल लाया गया। जगह जगह लोगों ने कलश यात्रा में पुष्प वर्षा भी की। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री साधना केंद्र रिसाली भिलाई के टोली नायक महेंद्र वर्मा, युग गायक पृथ्वीपाल साहू, हारमोनियम वादक पन्नालाल वर्मा एवं तबला वादक सुनील दास ने सर्वप्रथम सुगम युग गायन के साथ कलश यात्रा को रवाना किया। साहू पारा की भजन मंडली मोहन लाल साहू, टोपू सिन्हा सहित वादक भजन गाते हुए आगे चल रहे थे। पीले वस्त्र में महिलाएं कलश लेकर जयघोष करते हुए आगे बढ़ रही थीं। कलश यात्रा गायत्री मंदिर से सोनकर पारा, साहू पारा, कलार पारा, चौखड़िया तालाब होते हुए शीतला मंदिर पहुंचीं, वहां पूजा अर्चना के साथ कलश में जल भरकर यात्रा बूढ़ा तालाब से जयस्तंभ चौक, हटरी बाजार, ढीमर चौक, बजरंग चौक, बस स्टैंड होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची। इसके बाद देव आह्वान कर आरती की गई। इस अवसर पर राधेलाल ताम्रकार, राजेंद्र गुप्ता, उमेश सोनी, सुजीत ताम्रकार, चंद्रेश यादव, शिवकुमार राठौर, खोमन पटेल, बीरेंद्र सोनी, ऊषा केसरा, सुरेंद्र सोनी, मुखराज किशोर यादव शामिल थे। गायत्री परिवार के परिव्राजकों ने कहा कि गायत्री परिवार का आयोजन प्रयोजन के लिये होता है।

### चिंगरी में महतारी वंदन सम्मेलन आज

**अंडा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 'महतारी वंदन योजना' की सफलता के उपलक्ष्य में 'महतारी वंदन सम्मेलन' का कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम 23 दिसम्बर को सुबह 11 बजे ग्राम चिंगरी में ग्राम पंचायत के सामने मैदान, में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दुर्ग जिला कलेक्टर, दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष व क्षेत्र के सभी जनपद, सरपंच जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी उषा झा ने दी।






### विद्यार्थियों को कराया नेवता भोजन



**अंडा।** पीएमश्री शास. प्राथ. एवं पूर्व माध्य. शाला सिरसिदा एवं नवीन प्राथ. शाला सिरसिदा के सभी छात्र छात्राओं को श्री बल्दु राम चंद्राकर सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक ग्राम सिरसिदा के द्वारा अपनी धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता चंद्राकर की पुण्य स्मृति में उनके जन्म दिवस के अवसर पर नेवता भोजन कराया गया। शाला का समुदाय से मधुर संबंध बनता है बच्चों को समय समय पर पौष्टिक भोजन प्राप्त होता है। सभी बच्चों प्रसन्नता से नेवता भोजन ग्रहण किया। नेवता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन भावना का विकास भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## खबर संक्षेप

### पर्यावरण जागरुकता की लिया संकल्प

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल और स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) के संगठित समूह द्वारा 'इस्पात निर्माण के साथ स्वस्थ पर्यावरण के लिए प्रतिबद्ध' विषय के तहत पर्यावरण जागरूकता माह को पौधारोपण के साथ मनाया गया। री-हीटिंग फर्नेस क्षेत्र के 5 एस उद्यान में मुख्य महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तीदार और ऑपरेशन, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, फिनिशिंग एवं शिपिंग तथा एचआर के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम मे हरियाली बढ़ाने और एक स्थायी एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण का आह्नान किया गया। श्री दस्तीदार ने पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपस्थित सभी व्यक्तियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। 15 प्रजाति के पौधे लगाए गए। महाप्रबंधक सप्तर्षि सेनगुप्ता व अनिल मेनन और पी कुर्रे, विजय सोनी और जसबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

### गलत विवरणी भरने पर लगेगा ज्यादा शुल्क

**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित भवन का भूमि स्वामियों का सम्पत्तिकर स्व-निर्धारण करवाया जा रहा है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत देय राशि सहित विवरणी जमा की जा रही है। नियमानुसार जैसा मकान या संपत्ति है उसी के अनुरूप विवरणी भरना है। निगम द्वारा समपत्तिकर एवं अन्य राजस्व करों की वसूली हेतु अधिकृत एजेंसी श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स द्वारा राजस्व करों की वसूली की जा रही है। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा भरी गई विवरणी में से मौके पर जाकर कुछ में क्रास चेकिंग किया जाना है। इससे पता चल जाता है की विवरणी वास्तविक भरी गई है या गलत। साथ ही कुछ भवन व भूमि स्वामी द्वारा प्रस्तुत स्व-विवरणी में दर्शाये गए निर्मित क्षेत्र/उपयोग भिन्नता होने की संभावना बनी रहती है। मौजूदास्थिति में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने संपत्ति करके अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे भवन भूमि स्वामियों को सूचित किया जाए। वे अपने स्वामित्व के भवन/भूमि का सही-सही विवरण, संपत्तिकर स्व-विवरणी में अंकित कर देय राशि का भुगतान करें।

# वर्ल्ड मेडिटेशन डे पर विधायक रिकेश ने बच्चों के साथ किया ध्यान

## वैशाली नगर कन्या शाला में निगम व आर्ट ऑफ लिविंग का संयुक्त आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वर्ल्ड मेडिटेशन डे के अवसर पर स अवसर पर वैशाली नगर कन्या शाला में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, नगर निगम भिलाई के संयुक्त प्रयास से प्राणायाम, ध्यान का आयोजन किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हमारे भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया है। पूरी दुनिया आज ध्यान की अनुभूति कर रही है। ध्यान हमारे ऋषि मुनियों की




देन है। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर का कहना है कि जिस प्रकार से साबुन के इस्तेमाल करने से शरीर स्वच्छ हो जाता है। इस प्रकार से जीवन में ध्यान करने से शरीर का अंदर का भाग स्वच्छ एवं प्रसन्न हो जाता है। बुद्धि कुशाग्र होती है। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है ध्यान से सब कुछ पाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन सप्ताह भी मनाया जा रहा है। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षिका भक्ति कोटेचा ने श्री श्री रविशंकर जी द्वारा सिखाए गए ज्ञान के महत्व के बारे में बताया।, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, ने कहा कि हम भी बच्चों के साथ बैठकर के ध्यान करेंगे।

सभी लोगों ने मिलकर के ध्यान किया। इसमें प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के, स्कूल प्राचार्या संगीता बघेल आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षिका मीनाक्षी सिंह, दिनेश कोटेचा, स्थानी निवासी पिंकी परिहार, वैशाली, वर्षा उपासने, ममता सौदागर, अंजलि जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## पहल : इस्पात मंत्रालय को तीन महीने का दिया है समय

# एनजेसीएस सुधार के लिए बीएकेएस ने इस्पात मंत्रालय और सेल प्रबंधन को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल तथा आरआईएनएल कर्मियों के मुद्दो को हल कराने के लिए गठित संस्था 'नेशनल ज्वाईंट कमेटी फॉर स्टील इंडस्ट्री' में सुधार के लिए उच्च न्यायालय दिल्ली द्वारा दिए गए आदेश की सत्यापित प्रति को बीएकेएस ने इस्पात सचिव, सेल चेयरमैन तथा निदेशक कार्मिक को भेज दिया है। गौरतलब है कि एक तरफ सेल कर्मियों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होते जा रही है तो दूसरी तरफ एनजेसीएस में बगैर निर्वाचित यूनियन नेताओ की संख्या बढ़ते जा रही है। कर्मचारियों के मुद्दो को लगातार अधूरा छोड़ दिया जा रहा है, जिसके खिलाफ बीएकेएस ने दिल्ली ऊच्च न्यायालय का रुख किया था। 28 नवम्बर 2024 को न्यायालय ने इस्पात मंत्रालय को तीन माह का समय दिया है कि यूनियन द्वारा उठाए गए मुद्दो पर जल्द सकारात्मक निर्णय ले। न्यायालय के सत्यापित आदेश के साथ यूनियन ने, एनजेसीएस में सुधार पर चौथी बार माँगपत्र भेजा है। यूनियन द्वारा इस्पात सचिव से किया गया मांग यह है कि गैर निर्वाचित यूनियन प्रतिनिधियों को एनजेसीएस मीटिंग में भाग लेने से तत्काल रुप से रोक लगाया जाय तथा उनके द्वारा किए गए सभी समझौते को रद्द किया जाय, एनजेसीएस को सेल तथा इस्पात मंत्रालय के अधीन आने वाले सभी पीएसयु में कार्यरत अधिकारी वर्ग की संस्था स्टील एक्जक्यूटीव फेडेरेशन ऑफ इंडिया के तर्ज पर निबंधित किया जाय। जिसके सदस्य के रुप में यूनियन साईड से, सेल की सभी

### दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश



यूनिटों तथा आरआईएनएल से सेक्रेट बैलेट इलेक्शन के माध्यम से निर्वाचित यूनियनो के दो-दो प्रतिनिधि (कार्यकारी अध्यक्ष/अध्यक्ष, महासचिव) शामिल हो। उनकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष और उपमहासचिव को आल्टरनेट मेंबर के रुप में नामांकित किया जाय। एनजेसीएस मीटिंग के पहले वर्ष की अध्यक्षता कंपनी प्रबंधन और दूसरे वर्ष की अध्यक्षता यूनियन प्रतिनिधि (सभी निर्वाचित सदस्यो के बीच आम राय या बहुमत से नियूक्त) करे, ताकि एनजेसीएस में प्रबंधन और यूनियन के बीच शक्ति संतुलन को कायम रखा जा सके। एनजेसीएस में विभिन्न ट्रेड यूनियनों को तीन तीन नामांकन कोटे के सीट देने का नियम खत्म किया जाय क्योकि एनजेसीएस में सेल की यूनिटो तथा आरआईएनएल से कर्मियों के वास्तविक प्रतिनिधि के रुप में रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन तथा उसके प्रतिनिधि पहले से ही सदस्य है। एनजेसीएस में सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाय। कान्सेनस की प्रथा को लागु रखा जाय। एनजेसीएस मीटिंग का वार्षिक कैलेण्डर, पहले ही जारी किया जाय या प्रत्येक तिमाही एक एनजेसीएस मीटिंग सुनिश्चित किया जाय। एनजेसीएस मीटिंग का एजेंडा तथा प्रजेंटेशन को एक सप्ताह पहले ही सदस्यो को भेज दिया जाय ताकि सभी सदस्य मीटिंग से पहले ही अध्ययन कर मीटिंग में आ सके। एनजेसीएस में सब कमेटी का प्रावधन को खत्म किया जाय। इसकी जगह यूनियन साईड से प्रत्येक रिकॉगनाईज्ड यूनियन से एक एक प्रतिनिधि लेकर कर्मचारी कल्याण कमेटी, मानकीकरण कमेटी, सुरक्षा कमेटी, ईएफबीएस कमेटी, पेंशन कमेटी का गठन किया जाय। जिसकी मीटिंग प्रत्येक छह माह में एक बार अवश्य आयोजित किया जाय। एनजेसीएस मीटिंग सेल तथा आरआईएनएल के यूनिटो में आयोजित किया जाय। जहाँ सभी यूनिटो के बेहतर अतिथि गृह तथा निवास होटल है। इससे पाँच सितारा होटलो का खर्च बचेगा। एनजेसीएस में लिए गए निर्णयों की पारदर्शिता के लिए एक एनजेसीएस ऑनलाईन पोर्टल बनाया जाय। जहाँ पर सभी समझौते को प्रदर्शित किया जाय। एनजेसीएस को आरटीआई के दायरे में रखने के लिए केंद्रिय मुख्य सुचना अधिकारी महोदय द्वारा जारी आदेश को कायम रखा जाय। सेल, आरआईएनएल या इस्पात मंत्रालय के अन्य सभी पीएसयु में कार्यरत ठेका श्रमिको के लिए अलग कमेटी बनाई जाय। क्योंकि ठेका श्रमिको का वेज राज्य सरकारे तय करती है तथा उनके नियोक्ता भी अलग अलग होते है। किसी मुद्दे पर एक वर्ष तक प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच आम सहमति नही बनने पर इस्पात मंत्रालय तथा श्रम मंत्रालय की संयुक्त भागिदारी में एक लीगल कमेटी बनाई जाय।

### एनजेसीएस में सुधार पर निर्णय ले

"सेल कर्मचारियों के भाग्य का फैसला, अब सेल कर्मचारी ही करेंगे। अधिकारियों की संस्था सेफी तथा कर्मचारियों की संस्था एनजेसीएस में प्रतिनिधियों के चयन का दोहरा मानक नही चलेगा। कर्मचारियो द्वारा चुने गए वास्तविक प्रतिनिधि ही एनजेसीएस के सदस्य रहेंगे। अब इस्पात सचिव के ऊपर है कि यथाशीघ्र एनजेसीएस में सुधार पर निर्णय ले।

**अमर सिंह,** अध्यक्ष, बीएकेएस भिलाई

### बाहरी लोग हमारे नेता नही बनेंगे

"सेल कर्मचारियो का नेता कर्मचारियो द्वारा निर्वाचित नेता ही होंगे। 94 साल के नेता तथा उनका बेटा, 90 साल के वृद्ध तथा बाहरी लोग हमारे नेता नही बनेंगे।

**अभिषेक सिंह,** महासचिव, बीएकेएस भिलाई

# करंट से बच्चे की मौत ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

रानीतराई से एक किलोमीटर कि दुरी पर स्थित ग्राम डिड़गा मे आज सुबह करीब 9. 30बजे नहाने के लिए बच्चा तालाब मे छलांग लगाई और बिजली कि करेंट ने चपेट मे ले लिया। जिससे बच्चे कि मौके पर ही मौत हो गई।रानीतराई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया।

■ बिजली विभाग के लापरवाही से गई बच्चे की जान

जानकारी के अनुसार ग्राम डिड़गा के बच्चा छबीलाल ठाकुर पिता सुशील ठाकुर (10 वर्ष) अपने दोस्तों के साथ सुबह करीब 9बजे गांव के बांधा तालाब मे नहाने के लिए गये थे। जैसे ही बच्चे नहाने के लिए पानी मे छलांग लगाया पास मे ही लगे मोटर पंप जो कि तालाब के पानी मे लगाया गया था उसमे बिजली का करेंट प्रभावित हो रहा था बिजली कि प्रवाह ने बच्चे को अपने ओर खींच लिया और बिजली कि करेंट से बच्चे कि पानी मे ही मौत हो गई.बच्चे को करेंट से छटपटाते देख पास मे मौजूद लोगो ने दौड़ा और बिजली कि कनेक्शन को कट किया जिसके बाद बच्चे को बाहर निकाला गया देखा कि बच्चे कि मौत हो गई हैं जिसके बाद गांव के लोगो ने इसकी सुचना रानीतराई पुलिस को दी गई। इस घटना मे गांव के एक किसान के द्वारा ही वह मोटर पम्प लगाया गया था व बिजली विभाग के द्वारा उस तालाब मे मोटर पम्प के लिए बिजली प्रदान करने को लेकर आक्रोषित हो गये।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की हुई बैठक




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की आवश्यक बैठक सामुदायिक भवन पांच बिल्डिंग दुर्ग में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने किया। सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक की शुरुआत की गई। संगठन के कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा ने आय-व्यय प्रस्तुत किया,जिसका उपस्थित सदस्यों ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने बैठक के एजेंडा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन की स्थापना बहुत ही पावन एवं विशाल उद्देश्यों को लेकर किया गया है।भविष्य में यह संगठन सर्व समाज के सर्वांगीण विकास, जैसे स्वरोजगार, किसानों के हितों की रक्षा, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु समृद्ध महिला स्वयं सहायता समूह का स्थापना करना, युवाओं को केवल नौकरी में आश्रित न होकर स्वयं के उद्योग के क्षेत्र में प्रोत्साहित कर नियोक्ता बनने हेतु प्रेरित करना। आगामी महीनों में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के बैनर तले एक विराट महासम्मेलन कराएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के विभूतियों का नागरिक सम्मान किया जाएगा। संस्था के आगामी कार्य योजनाओं पर उपस्थित सदस्यों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, महासचिव लखन लाल साहू, घनश्याम देवांगन, बोधन यादव, भोजराम डड़सेना, रमेश साहू, पंच राम साहू, अशोक साहू, हुकुम ठाकुर, डॉ आर एल साहू आदि उपस्थित थे।

# सुशासन सप्ताह पर जनकल्याणकारी योजनाओं पर विद्यार्थियों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वैशाली नगर कन्या शाला के छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं क्या-क्या चल रही है। इस पर परिचर्चा छात्रों के बीच में की गई। क्या-क्या लाभ मिल रहा है कक्षा 11वीं की छात्रा रेशमा

■ वैशालीनगर कन्या शाला में हुआ आयोजन



जयश्री ने बताया आज महतारी वंदन का पैसा मेरे घर में आने से हम लोगों को बहुत बड़ी सहायता हो जाती है।मेरे घर में दो लोगों को मिलता है राशन कोऑपरेटिव से मिल जाता इस पैसे से मेरा पढ़ाई लिखाई और जरूरी चीज मेरी मां पूरा कर देती है। यह हमारे लिए बहुत ही उपयोगी है। पहले बहुत परेशानी होती थी। पलक ने बताया प्रधानमंत्री आवास से मकान बन जाने के बाद मेरे चाचा लोग अच्छे से निवास कर रहे हैं। पहले एक घर में रहते थे तो आपस में परेशानी होती थी। आज सबको मकान मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से इलाज हो रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना से रोजगार मिल रहा है। किसी भी प्रकार का सर्टिफिकेट बनवाना है तो मोर संगवारी को कॉल कर दो आकर के हमें सर्टिफिकेट बना कर दे देता है। हमारे चाचा के लड़की का जन्म प्रमाण पत्र घर बैठे बैठे बन गया। यह सब सुविधा हमें सुशासन के द्वारा ही मिल रहा है। हम लोग बहुत आभारी हैं माननीय मुख्यमंत्री जी का। कन्या शाला की प्राचार्या संगीता बघेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया आज आवश्यकता अनुसार हर चीज शासन द्वारा प्रदान की जा रही हैं। जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने बच्चों से आव्हान किया कि 70 प्लस के सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसका शिविर स्कूल में लगवाएंगे बच्चे अपने घर से अपने दादा-दादी बुजुर्गों को लाकर के यहां पर आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे। बच्चे एवं शिक्षिकाएं अपने घरों से 70 प्लस वरिष्ठों को लाकर के आयुष्मान कार्ड बनवा सकती हैं। इस पर सब लोग सहमति व्यक्त किये।

online Booking:-www.tripuryatra.com


11 जनवरी से 16 जनवरी 2025,27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025,10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रांति), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
नोट :-2/2 बस (50 सीटर)/ रेलवे टिकट, नाश्ता, रात्रि भोजन, रात्रि विश्राम (टेंट), गाइड
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## अरबिंद महिला पाठचक्र का दो दिवसीय सम्मेलन

# विश्व गुरु बनने में महिलाओं की भूमिका है महत्वपूर्णः सांसद बघेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में तृतीय राष्ट्रीय श्री अरबिंद महिला पाठचक्र का दो दिवसीय सम्मेलन योग साधना केन्द्र साधकों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल व पत्नी रजनी बघेल, अपर्णा राय, हेमन्त बारिक, रजनीकांत शर्मा, सपन सरकार, इंद्रानी घोष उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कलकत्ता और कटक उड़ीसा के बाद भिलाई में तृतीय राष्ट्रीय श्री अरबिंद महिला पाठचक्र सम्मेलन का होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है जिसकी तैयारी काफी दिनों से हो रही थी। आज हम जो जीवन जीते हैं उसमें आप



सभी से ही सीखकर और आशिर्वाद लेकर लगातार हम लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी ही उलझन भरी भरी जिंदगी है। आज नारी देवी स्वरूप है ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं नही है। उनका हर क्षेत्र में उच्च स्थान होना चाहिए। अनेक महिलाओं के नाम आज भी इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हमारी बेटियां व बहने इतिहास बना रही है। मां के नाम से ही ब्रह्माण्ड की अनुभूति होती है। मां के बिना हम भी अधुरे है। इस महान परिर्वतन में महिलाएं हमारे परिवार और समाज की केन्द्र बिन्दु है। हमारे समाज में 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं और बच्चे है जिस परिवार में मां की आध्यात्मिक चेतना जितनी अधिक होती है वे उतनी विशेष भूमिका निभाती है।

श्री बघेल ने बताया है कि भारत वर्ष सम्पूर्ण विश्व गुरु बनेगा। इस महान कार्य में भारतीय महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हम सभी को यह जानने कि आवश्यकता है हमारे जीवन के प्रत्येक क्षण और दैनिक जीवन में भगवान को कैसे अपनाया जाए, उन्हें अपना मार्गदर्शक कैसे बनाएं जाएं। जिस तरह माता कौशल्या तथा अन्य महान माताओं में राम कृष्ण विवेकानंद झांसी की रानी राधा रानी आदि महान आत्माओं की धरती पर जन्म दिया। उसी तरह इस देव मुहूर्त में महान आत्माओं को संसार में लाने और आदर्श मां बनने का महान दायित्व महिलाओं पर ही है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक सामाजिक व गणमान्य महिलाएं उपस्थित रही।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

04



फर कोट का जलवा

## लाइव इवेंट

### ऑल इंडिया बाक्सिंग प्रतियोगिता में दिखायेंगे अपना दमखम, दुर्ग की पुरुष टीम पंजाब रवाना



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की बाक्सिंग पुरूष टीम गुरू काशी विश्वविद्यालय, भटिंडा पंजाब में आयोजित ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। 26 दिसंबर से 2 जनवरी 2025 को गुरू काशी विश्वविद्यालय, भटिंडा पंजाब में आल इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जहां हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की पुरुष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दमखम का प्रदर्शन करेंगे। खेल संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-2 इस्पात क्लब भिलाई में आयोजित कराया गया था। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है। सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय द्वारा कीट प्रदान किया गया। इस अवसर पर खेल संचालक डा. दिनेश नामदेव एवं सहायक कुलसचिव हिमांशु उपस्थित रहे। इस टीम के मैनेजर डॉ. ईश्वर सिंह कल्याण महाविद्यालय व कोच प्रवीण ठाकुर भिलाई है। टीम में शामिल खिलाड़ियों में रूद्र प्रताप साहू शासकीय आदर्श महाविद्यालय दुर्ग, करण कुमार शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, इंद्रजीत सेठ आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग, विभांशु महापात्र, यश केरकेट्टा, आलोक कुमार, जगदीश राव रूंगटा महाविद्यालय भिलाई, हितेश शर्मा सेठ आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग, ओम सोनी रूंगटा महाविद्यालय भिलाई प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे।

- 26 दिसंबर से 2 जनवरी 2025 तक भटिंडा पंजाब के विश्वविद्यालय में होगा आयोजन।

## सिटी इवेंट

### 12वीं के बाद कैरियर गाइडेंस, वित्तीय प्रबंधन और सेविंग हैबिट्स के दिये टिप्स



**भिलाई।** वाणिज्य के छात्र-छात्राओं के लिए वित्तीय प्रबंधन, सेविंग हैबिट्स एवं कैरियर गाइडेंस पर जिलाधीश ऋचा प्रकाश चौधरी एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा की पहल से भिलाई एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन नेहरु नगर में किया गया। जिसमें लगभग 600 छात्र, छात्राएं तथा शिक्षक उपस्थित थे। कार्यशाला की शुरुआत में सीए अंकेश सिन्हा और सीए बनी श्रेया के साथ मिलकर छात्रों को सीए, सीयूईटी एवं कैरियर गाइडेंस के संबंध में बताया गया। कक्षा 12वीं के बाद वाणिज्य के क्षेत्र में बच्चे कैसे और आगे बढ़ सकते हैं इसकी भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य स्पीकर फाउंडर प्रोजेक्ट लक्ष्मी इनेश दत्त नागरिया द्वारा छात्रों को वित्तीय प्रबंधन एवं सेविंग हैबिट्स पर विस्तार पूर्वक समझाया गया। पावर पर्सनेलिटी कोच डॉ निहारिका सिंह द्वारा बच्चों को किस प्रकार अपने अंदर की क्षमता को उभार कर अपनी पर्सनालिटी में कॉन्फिडेंस को डेवलप करें और स्वावलंबी किस प्रकार बने ताकि जीवन में आने वाली हर बाधा को वे पार कर सके इस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉक्टर पुष्पा पुरुषोत्तम, अमित घोष, रजनी कथूरिया और चीफ ऑफिसर ई.पी रितेश उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन रितु पांडे एवं मृणाली पत्रिकर ने किया।

### ट्विनसिटी में होगा सुधांशु महाराज का आगमन, 2 से 5 जनवरी तक शिव ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन



**भिलाई।** नए वर्ष 2025 के शुभारंभ में ही धार्मिक नगरी दुर्ग-भिलाई में सुधांशु महाराज का आगमन हो रहा है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए आज आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड स्थित चमन बंसल के निवास से प्रभात फेरी निकल गई। जिसमें बड़ी संख्या में गुरु भक्त पुरुष एवं खासकर महिलाएं शामिल हुए। नए साल में 2 जनवरी से 5 जनवरी तक जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर के समीप मैदान में सुधांशु महाराज के सानिध्य में शिव ज्ञान गंगा महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें 2 जनवरी को शाम 5 बजे से सुधांशु महाराज की कथा शुरु होगी। 3 जनवरी से 5 जनवरी तक सुबह कालीन सत्र 9 बजे और शाम कालीन सत्र 5 बजे से सुधांशु महाराज के व्याख्यान होंगे। आयोजन के संबंध में चमन बंसल, जयशंकर अग्रवाल, शिव देवांगन, दिनेश लोहिया सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि शिव ज्ञान गंगा महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। कार्यक्रम की विशालता को ध्यान में रखते हुए जयंती स्टेडियम के समीप भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं। जिसमें बैठक व्यवस्था के अलावा विद्युत, पेयजल, प्रसाधन और प्रवचन पश्चात प्रसादी की भी व्यवस्था की जा रही है।

● सेक्टर-2 विद्यालय ग्राउंड में हुआ सिन्हा समाज का 49वां पारिवारिक मिलन समारोह

# पांच सौ युवक-युवतियों का हुआ पंजीयन, 50 से अधिक रिश्ते हुए तय साहित्य, चिकित्सा, कला, सामाजिक सेवा और प्रतिभावान हुए सम्मानित

मिलन समारोह से पारिवारिक और सामाजिक सामंजस्य बढ़ता है। भगवान सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारीन के आशीर्वाद से समाज द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय कराने के लिए की गई यह पहल समाज को एक मंच से जोड़कर पारिवारिक रिश्तों को मजबूती प्रदान करती है। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज की पारिवारिक मिलन समारोह के माध्यम से एकजुटता, सभी समाज के लिए प्रेरणादायी है। यह बातें उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने रविवार को छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज के मिलन समारोह के दौरान कही।



**भिलाई।** समाज के 49वां पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन सेक्टर-2 भिलाई विद्यालय मैदान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, विधायक ललित चंद्राकर, भिलाई महापौर नीरज पाल, एमआईसी मेंबर भिलाई लक्ष्मीपति राजू, छग डड़सेना समाज के प्रांताअध्यक्ष युवराज सिन्हा सहित अन्य जन उपस्थित थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश स्तरीय इस सम्मलेन में छत्तीसगढ़ और प्रदेश के बाहर से पहुंचे हुए बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को सराहा। मंत्री साव ने कहा कि सिन्हा समाज अपनी मेहनत से शासकीय नौकरी, उद्योग, व्यावसाय, राजनीति और शिक्षा समेत के क्षेत्र में तरक्की और उन्नति कर रहा है। जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुमन सागर की मांग पर उन्होंने भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की और शासन स्तर पर जमीन आवंटन के लंबित प्रस्ताव को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा करने की बात कही। वहीं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सिन्हा के पारिवारिक मिलन समारोह को अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े समाजों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों ने रिश्ते तय होने के लिए अपने अपने सुझाव भी दिये।

### विवरणिका में 500 से अधिक युवक-युवतियों का परिचय

49वां पारिवारिक मिलन समारोह में विवाह योग्य-युवतियों का समाज के पूर्व प्रातांध्यक्ष भोजराम डड़सेना ने परिचय कराया और वही 50 से अधिक युवक-युवतियों का रिश्ता तय हुआ। जन कल्याण समिति की ओर से समाज के पांच सौ से अधिक युवक-युवतियों का पंजीयन किया गया। इन सभी युवक-युवतियों का पारिवारिक परिचय के नाम से संग्रहित विवरणिका-2024 का प्रकाशन किया गया है। जिसका विमोचन दुर्ग सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल और रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा, भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराम सिन्हा द्वारा किया गया। इस मौके पर छ ग कलार समाज के प्रातांध्यक्ष रिखीराम सिन्हा, जन कल्याण समिति के महासचिव नवीन सिन्हा, कोषाध्यक्ष दानेश्वर डड़सेना समेत संपादक मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।





### महिलाओं ने कुर्सी दौड़ में लिया हिस्सा

कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और कुर्सी दौड़ समेत विभिन्न पारंपरिक खेल खले गए। जिसमें मिलन देवी सिन्हा को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सामाजिक कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वाले सदस्यों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।





### समाज के प्रतिभावन

10वीं और 12वीं की परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान मोनेश गजेन्द्र, संतोषी सिन्हा, चारूशी जायसवाल और नितिश कुमार सिन्हा, ओमिशा डड़सेना, नूपूर सिन्हा, तनीषा गजेन्द्र और प्रिशा सिन्हा, सौरभ सिन्हा, किरण सिन्हा और सोहम कुमार सिन्हा, प्रदेश स्तरीय दौड़ में प्रथम पुरस्कार ईशिता सिन्हा और पंकज सिन्हा, मार्शल आर्ट दीप कुमार और बैडमिंटन में तनीषा सिन्हा को सम्मानित किया गया।

## टीचिंग लर्निंग, रिसर्च एंड इनोवेशन, स्टूडेंट्स सपोर्ट के मापदंडों पर खरा उतरा कॉलेज, नैक का मिला ए ग्रेड

**भिलाई।** संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रूंगटा आर-1 समूह के जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने नैक के ए ग्रेड से नवाजा है। नैक ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की। जीडी रूंगटा कॉलेज में टीचिंग लर्निंग, रिसर्च एंड इनोवेशन, बेस्ट प्रैक्टिसेस, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टूडेंट्स सपोर्ट जैसे टफ मापदंडों पर खरा उतरने पर नैक परिषद ने कॉलेज को 3.02 सीजीपीए के साथ ए ग्रेड की सौगात दी। कॉलेज में स्टूडेंट्स को मिलने वाली सुविधाओं को तरजीह देते हुए मूल्यांकन किया गया। इसी तरह जीडी रूंगटा कॉलेज के सामान्य डिग्री कोर्स से लेकर प्रोफेशनल विद्यार्थियों को मिले प्लेसमेंट सपोर्ट ने भी नैक का ए ग्रेड हासिल करने में मदद की।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नीमा एस. बालन ने बताया कि, नैक की तरफ से आई टीम ने दो दिनों तक कॉलेज के हर पहलू का सुक्ष्म निरीक्षण किया। इसमें प्रोफेसरों के पढ़ाने का तरीका तक देखा गया,



वहीं कॉलेज में हो रहे इनोवेशन पर भी अंक दिए। ऐसे ही फैकल्टीज के रिसर्च पेपर, पेटेंट और इंटरनेशनल एक्टिविटीज की भी नैक टीम ने सराहना की। कॉलेज के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ एक्स्ट्रा करिकूलम की ओर ले जाने लिए होने वाली आरएसडीसी एक्टिविटीज ने भी नैक टीम के सदस्यों को इम्प्रेस किया। विद्यार्थियों और फैकल्टीज के जरिए सामुदायिक जागरुकता के लिए होने वाले कार्यक्रमों और उनसे समाज में आए बदलावों पर भी नैक टीम ने हर्ष जताया। प्रयोगशालाओं में हाईटेक मशीनरी का उपयोग करते हुए छात्रों को प्रैक्टिकल नॉलेज से अप-टू-डेट रखने के लिए भी अंक मिले। रूंगटा समूह के चेयरमैन संतोष रूंगटा ने कहा कि, जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस प्रदेश के उन चुनिंदा शैक्षणिक संस्थानों में से एक है, जहां विद्यार्थियों को थ्योरी नॉलेज के साथ प्रैक्टिकल प्रैक्टिस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कॉलेज को नैक से मिला ए ग्रेड में जितनी मेहनत फैकल्टी की है, उतनी ही विद्यार्थियों ने भी की है। शानदार एकेडमिक्स रिजल्ट और प्लेसमेंट में सलेक्ट होकर उन्होंने कॉलेज का मान बढ़ाया है। बता दें कि, इससे पहले नैक से रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज को नैक ए ग्रेड से नवाजा है। इस तरह ग्रुप के दो बड़े कॉलेज नैक का ए ग्रेड हासिल कर चुके हैं।

## वरिष्ठ नागरिक कल्याण मंच का वार्षिक समारोह में आज 75 प्लस वरिष्ठजन होंगे पुरस्कृत

**भिलाई।** मार्गदर्शक वरिष्ठ नागरिक कल्याण मंच भिलाई के तत्वावधान में आज सेक्टर 1 में संस्था के वार्षिक आम सभा एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के 75 प्लस के वरिष्ठ जनों को सम्मानित भी किया जाएगा। मार्गदर्शक वरिष्ठ नागरिक कल्याण मंच भिलाई की कार्यकारिणी की बैठक पिछले दिनों पर्यावरण मित्र मंडल के भवन सेक्टर 6 सी मार्केट में हुई थी। इस बैठक में सोमवार को मानव आश्रम सेक्टर 1 में संस्था की वार्षिक आम सभा एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह और अन्य विषयों पर चर्चा की गई। आज मानव आश्रम सेक्टर 1 में आयोजित वार्षिक सभा के दौरान इस बार 1949 में जन्मे 75 वर्षीय 15 वरिष्ठ जनों का मोमेंटो, शॉल और श्रीफल से सम्मान किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष डीपी राय द्वारा उद्बोधन, संस्था के कोषाअध्यक्ष बीके नंदेश्वर द्वारा संस्था का वार्षिक बजट पेश किया जाएगा। मुख्य अतिथि चतुर्भुज फाउंडेशन के संस्थापक डॉ अरुण श्रीवास्तव होंगे।



शपथ फाउंडेशन भिलाई द्वारा नशा मुक्ति के लिए चलाया अभियान

## ट्रायसिकल और व्हील चेयर बांटकर दिव्यांगों के चेहरों में लाई मुस्कान, नशामुक्ति व सेवा कार्यों की ली शपथ

**कार्नर न्यूज**

दिव्यांग जनों की समस्याओं का ध्यान रखते हुए ट्विनसिटी की सामाजिक संस्था शपथ फाउंडेशन भिलाई दवरा दिव्यांग जनों को ट्रायसिकल वितरित कर उनके चेहरों में खुशियां बिखेरी। मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से फाउंडेशन के सदस्यों ने सेवा कार्य का एक कदम और आगे बढ़ाते हुए नेहरू नगर रैशने आवास के दिव्यांग अमन साहू को ट्राई सायकल प्रदान कर और कुंदन नाग रूआबांधा को व्हील चेयर देकर उनके चेहरे में मुस्कान लाई। इस दौरान बच्चों के पालक मुरली साहू व आस पास के लोग, वार्ड पार्षद व एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी उपस्थित थे।



**भिलाई।** कई वर्षों से लगातार शपथ फाउंडेशन दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर इत्यादि भेंट करते आ रहे है। इसी कड़ी में रूआबांधा के कुंदन नाग को भी व्हील चेयर प्रदान कर उनकी चेहरे में मुस्कान लाई। कुंदन नाग करीब 11 वर्षों से पक्षाघात से बिस्तर पर ही है उन्हें इसकी बेहद आवश्यकता थी लेकिन विपरित परिस्थितयों के चलते वे व्हील चेयर लेने में अक्षम थे। फांउडेशन के सदस्यों नें कुंदन की समस्या को देखते हुए उन्हें व्हील चेयर प्रदान किया।

### नशा मुक्ति के लिए चलाया अभियान

शपथ फाउंडेशन के इस कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के संरक्षक पूर्व सीएसपी विरेन्द्र सतपती, अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महासचिव अमिताभ भट्टाचार्य, विकास जायसवाल, मोहन राव सहित संस्था के कई सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान आभार व्यक्त करते हुए एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी ने शपथ फाउंडेशन भिलाई के द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तहत वर्षों से किए जा रहे सभी कार्यों कि सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने संस्था द्वारा विगत कई वर्षों में नशा मुक्ति अभियान से लेकर गरीब बच्चों के लिए स्कूलों में सामग्री वितरण व दिव्यांग सहित जनहित के सभी कार्यों की चर्चा करते हुए आगे और सेवाकार्य करने प्रोत्साहित किया।



## स्पोर्ट्स इवेंट

# टेनिस स्पर्धा में 6-4 से हराकर कमल और अमित की जोड़ी बनी विजेता



**भिलाई।** बीएसपी टेनिस कॉम्प्लेक्स इंदिरा प्लेस सिविक सेंटर में अंतर विभागीय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 दिसंबर तक किया किया गया। जिसमें कुल 24 मैच खेले गये। प्रतियोगिता में डबल्स के फाईनल में कमल किशोर एवं अमित माथुर की जोड़ी ने तुषार कांत एवं गयानंद की जोड़ी को 6 - 4 हराकर खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ सौरभ मुखर्जी सीएमओ सेक्टर-9 हॉस्पिटल ने किया। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों सर्विसेस, डब्लूआरएम, आरसीएल, एसएमएस-3, फाईनेंस, स्पोर्ट्स एवं प्लांट गैरेज की टीमों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉक ऑउट के आधार खेली गई। जिसमें कुल 24 मैच खेले गये। प्रतियोगिता के सिंगल मैच के पहले सेमीफाईनल में कमल किशोर ने गयानंद को 6-4 से एवं दूसरे सेमीफाईनल में तुषार कांत ने अमित माथुर को 6-3 से हराकर फाईनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के डबल्स मुकाबले के पहले सेमीफाईनल में तुषार कांत एवं गयानंद की जोड़ी ने सुदेश एवं अजय शाह की जोड़ी को 6-3 एवं डबल्स के दूसरे सेमीफाईनल में कमल किशोर एवं अमित माथुर की जोड़ी ने राजागोपालन एवं प्रवीण उपाध्याय की जोड़ी को 6-2 से हराकर फाईनल में प्रवेश किया। शनिवार को खेले गये सिंगल फाईनल के मुकाबले में तुषार कांत ने कमल किशोर को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-5 (7 - 4) टाईब्रेकर में हराकर खिताब हासिल किया। डबल्स के फाईनल में कमल किशोर एवं अमित माथुर की जोड़ी ने तुषार कांत एवं गयानंद की जोड़ी को 6 - 4 हराकर खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ अशोक पंडा एवं अभिजीत भौमिक डिप्टी मैनेजर खेल सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं, डेनिस क्रिस्टी, राजेश पाटिल एवं बृजलाल मौर्य ने विजेता एवं उपविजेता को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सुमन एवं अखिल ने निभाई।

## एनिमल किंगडम डे में नन्हें स्टूडेंट्स ने देखी एनिमल की दुनिया, पैरेंट्स भी एक्टिविटी में भाग लिए

# स्टारफिश, जेब्रा, शेर और मोर बनकर रेड कॉर्पोरेट पर किया एनिमल परेड, देखी जंगल की दुनिया

**भिलाई।** जंगल का राजा शेर, चीता, भालू, जेब्रा और देश का राष्ट्रीय पक्षी मोर, खरगोश आदि पशु-पक्षी के ड्रेसअप में नन्हें बच्चें स्कूल परिसर में बनाए गये काल्पनिक जंगल में जहां तहां घूमते नजर आये, तो वहीं जंगली जानवरों की आवाज सुनकर कई बच्चे मजे ले रहे और कई डरते हुए दिखे। यह नजारा एनिमल किंगडम डे के दौरान जामुल स्कूल में दिखाई दिया। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा संचालित केएच वर्ल्ड स्कूल, जामुल में एनिमल किंगडम डे मनाया गया। टीचर्स और स्टूडेंट्स में इस डे को लेकर काफी उत्साह दिखा। टीचर्स ने जहां स्कूल परिसर को ही जंगल में बदल दिया था, वहीं सारे स्टूडेंट्स किसी न किसी एनिमल के गेटअप में स्कूल पहुंचे थे। पैरेंट्स को भी आमंत्रित किया गया था ताकि वह अपने बच्चों की एक्टिविटी को देख सके।





### एनिमल के ड्रेसअप में निकाला परेड, बताई विशेषता





इस दौरान स्टूडेंट्स ने रेड कॉर्पोरेट पर एनिमल परेड निकाला। विभिन्न एनिमल के ड्रेसअप में पहुंचे स्टूडेंट्स ने बताया कि वे कौन सा एनिमल बनकर आए हैं तथा इस एनिमल की क्या विशेषता है। इस अवसर पर टीचर्स ने स्टूडेंट्स को एनिमल से जुड़ी कई स्टोरी भी सुनाई। पैरेंट्स के लिए भी अलग-अलग तरह के गेम्स रखे गए थे, जैसे स्टोरी टेलिंग, पेटर्न मैचिंग जिसके तहत एनिमल को पहचानना था। एनिमल की आवाज को सुनकर उसका नाम बताना था। टीचर्स स्टूडेंट्स और पैरेंट्स ने एनिमल किंगडम डे को खूब एंजॉय किया।

### चेकिंग काउंटर पर टीचर्स ने बांटे टिकट

आयोजन के दौरान बच्चों के लिए जंगल एंट्री के लिए आरती महराणा टिकट काउंटर पर थी और पेरेंट्स का स्वागत कर रही थीं। अंशू वर्मा ने क्राफ्ट एक्टिविटी कराई। खुशबू बुंदेला मेडम ने कहानी सुनाई। रक्षा पांडे, ज्योति और रतन सिंह ने गाय और सुअर को चारा खिलाना, भेड़ का कपास चिपकाना, गाय का दूध निकालने की गतिविधियाँ आयोजित कीं। भूमिका साहू ने पैटर्न मिलान और एनिमल साउंड की गतिविधियां कराई।

### एक तरफ जंगल तो दूसरी तरफ लुभाया फार्म हाउस का सेटअप

स्कूल की एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा के नेतृत्व में टीचर्स एम. प्रणति, अंशु वर्मा, आरती महाराणा, खुशबू बुंदेला, भूमिका साहू, कुमारी ज्योति एवं रतन सिंह ने स्कूल प्रांगण को जंगल का लुक दिया। अलग-अलग एक्टिविटी के लिए कई सेटअप तैयार किए थे। एक तरफ जंगली जानवरों का सेटअप तो दूसरी तरफ फार्म हाउस का सेटअप था। क्लास रूम में एक्वेटिक एनिमल के सेटअप बनाए गए थे। वही प्री प्राइमरी, केजी वन, केजी टू के स्टूडेंट्स स्टारफिश, ऑक्टोपस, जेब्रा, शेर, खरगोश, गाय, बिल्ली आदि जानवरों की ड्रेस में पहुंचे थे। टीचर्स ने नन्हे स्टूडेंट्स को एक-एक सेटअप में ले जाकर वहां के एनिमल के बारे में जानकारी दी। जंगली जानवरों में शेर, हाथी, जिराफ, हिरण आदि के रहन-सहन, उनके खान-पान के बारे में स्टूडेंट्स को बताया। फार्म हाउस में रहने वाली गाय किस तरह से दूध देती है, पिग क्या खाता है? साथ ही वाटर एनिमल में मछली, कछुआ किस तरह पानी में रहते हैं? वह क्या खाते हैं? हमारे किन गलत आदतों से वहां का पानी गंदा हो रहा है जिसके कारण इन जानवरों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है?

## सिटी लाइव

# सोसाइटी को नई ऊंचाइयां प्रदान करने वाले कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-6 भिलाई नगर द्वारा नवंबर या उसके पूर्व संयंत्र की सेवा से सेवानिवृत्त हुए संस्था के सदस्यों की भावपूर्ण विदाई दी गई। संस्था के सभागार में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त सदस्यों को अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने शॉल, श्रीफल, गुलदस्ता और उनकी जमा पूंजी का खाता देय चेक देकर सम्मानित किया। अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने वरिष्ठ कर्मियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त साथियों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ-साथ हमारी सोसाइटी को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं,उन्होंने रिटायर सदस्यों को जीवन के नए चरण की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी। इन रिटायर सदस्यों में स्टील स्ट्रक्चरल शॉप्स से सुखलाल गंधर्व, भास्कर कुमार शर्मा, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से गजानंद, धनराजू, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल से मोहनलाल सोनी, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से बिरजू पासवान, स्टोर्स से दशरथ प्रसाद अहिरवार, कमलेश कुमार साहू,स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से बी.बाबू,मुख्तार सिंह, संपर्क एवं प्रशासन तथा जनसंपर्क से जेकब कूरियन, सिंटर प्लांट-3 से अशोक देशमुख, हॉर्टिकल्चर से मो. आरिफ खान और ब्लास्ट फर्नेस से किशनलाल जाल को सम्मानित किया। सम्मान के उपरांत रिटायर सदस्यों में बिरजू पासवान,जेकब कूरियन महाप्रबंधक प्रभारी,संपर्क एवं प्रशासन तथा जनसंपर्क व मो.आरिफ ने भी अपने विचार रखते हुए सोसायटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों को याद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर और अमिताभ वर्मा तथा संचालकगण हरिराम यादव, नीरजा शर्मा, कुलेश्वर चंद्राकर, विनोद वासनिक और पवन साहू सहित वरिष्ठ सहायक वेंकट राव, संध्या ढ़ोकने, चंचल तिवारी व गीता कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## वार्षिकोत्सव का आयोजन

# स्कूल टापर बच्चों का हुआ सम्मान, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक नृत्यों की दी आकर्षक प्रस्तुति





**भिलाई।** इन दिनों सभी स्कूलों में वार्षिकोत्सव व खेलकूद का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शाला के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे है। साथ ही उत्कृष्ट बच्चों को सम्मानित किया गया। बीएसपी इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर-7 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिक्षा शिखा दुबे थी। शाला के प्रधान पाठक दिनेश पांडेय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी बच्चों ने दी। वार्षिक उत्सव के दौरान कक्षा आठवीं में स्कूल टापर रही प्रेरणा पांडे, नौरिन नाथ, शाइना और प्रतिमेश मिश्रा को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बच्चों ने अनेकता में एकता का संदेश देते हुए विभिन्न नृत्यों की प्रस्तुति दी। जिसमें प्रमुख आकर्षण छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों द्वारा लोक नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर काफी संख्या में शाला के बच्चे, अभिभावक और स्कूल के स्टाफ उपस्थित रहे।



## रस्तोगी कालेज ऑफ नर्सिंग भिलाई में हुआ आयोजन

# आध्यात्मिक चिन्तनम कार्यक्रम में नर्सिंग स्टूडेंट ने सीखा मन का नियंत्रण



**भिलाई।** रस्तोगी कालेज ऑफ नर्सिंग भिलाई महाविद्यालय में श्रीश्री शंकर भारती महास्वामी, पीठाधीश्वर, यडतोरे योगानंदेश्वर सरस्वती मठ और संरक्षक, वेदान्तभारती के लिए आध्यात्मिक चिन्तनम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सिंग के स्टूडेंट्स ने मन को नियंत्रण करना व आध्यात्म का लाभ लिया। आध्यात्मिक चिन्तनम कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान रायपुर एवं भारतीय प्रौद्यौगिकी संस्थान भिलाई के बाद रस्तोगी कालेज ऑफ नर्सिंग भिलाई महाविद्यालय द्वारा छात्रों के लिए आयोजित किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर नर्सिंग प्रमोद बल्लेवार एवं डायरेक्टर (स्किल) ध्रुव रस्तोगी द्वारा महाविद्यालय में स्वामी की स्वागत किया गया। इस दौरान स्वामी से आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में नर्सिंग के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। स्वामी द्वारा कार्यक्रम के लक्षित लोगों की अवधि बच्चों से लेकर वृद्धों, कम शिक्षितों, छात्रों से लेकर शिक्षकों, पारंपरिक विद्वानों से लेकर आधुनिक वैज्ञानिकों और सभी प्रकार के पेशेवरों तक है। स्वामी की दृष्टि सर्वात्मभाव के माध्यम से सभी को एक साथ ला रही है, जो उपनिषदों की शिक्षाओं का सार है। प्रख्यात विद्वानों के तहद वेदांत और अन्य शास्त्रों का अध्ययन उपरांत महास्वामी ने शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया है। इस मौके पर स्वामी ने जगतगुरू शंकराचार्य द्वारा दिए गए उपदेशों से अवगत कराया साथ ही आध्यात्मिक चिन्तनम वेद एवं विज्ञान के संबंध बताते हुए छात्राओं को सरल और आसान तरीकों से कठिन से कठिन अवधारणाओं को व्यक्त किया। गुरूजी के द्वारा दिए गए उपदेशों में मुख्य बिन्दु मन को नियंत्रण करना था। इस कार्यक्रम में मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ देवेन्द्र रतनानी द्वारा विद्यार्थियों को माइंड कंट्रोल एवं आध्यात्मिक संतुलन के संबंध में जानकारी प्रदान कि गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के कर्मचारी और नर्सिंग स्टूडेंट्स ने उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ लिया।

**छात्राओं को सरल और आसान तरीकों से कठिन से कठिन अवधारणाओं को व्यक्त किया**

## समाज इवेंट

# शनेश्वर धाम शनिमंदिर में हुआ सुंदर कांड का पाठ, भक्तों ने की विशेष पूजा



**भिलाई।** भगवती महिला मंडली द्वारा शनेश्वर धाम शनि मंदिर सड़क 33, सेक्टर 6 परिसर में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान आसपास के भक्त और समिति के सदस्यों ने उपस्थित होकर विधिवत पूजा-पाठ कर सुंदरकांड का पाठ किया। शनेश्वर धाम शनिमंदिर समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार शनिदेव की महाआरती की जाती है और महाप्रसाद वितरित किया जाता है। समिति के सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह बबलू ने बताया कि मंदिर में महाप्रसाद वितरण पिछले 161 शनिवार से किया जा रहा है, कोई भी भक्तगण महाप्रसाद वितरित कराने मंदिर समिति के सदस्यों से संपर्क कर प्रसाद का वितरण करा सकते है। शनि मंदिर में प्रत्येक शनिवार को भक्तों का तांता सुबह से लेकर शाम तक लगा रहता है। शनिवार की शाम को महाआरती में शहर के गणमान्य जन उपस्थित होकर भक्ति भाव के साथ महाआरती में शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण करते है।

## निकाली सायकिल रैली, शासकीय महाविद्यालय में विजेता हुए पुरस्कृत

# नुक्कड़ नाटक और वाद-विवाद में प्रभावी ढंग से बताया महतारी वंदन और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में विविध कार्यक्रमों का सात दिवसीय आयोजन किया गया था। जिसकी शुरुआत सुशासन सायकल रैली निकालकर की गई। आयोजन के समापन अवसर पर छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक कर छत्तीसगढ़ के महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।



### विभिन्न प्रतियोगिताओं में बने विजेता



छ.ग. सरकार का सुशासन विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें महाविद्यालय की लगभग 35 से अधिक छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मेघा साहू ने प्रथम स्थान तथा बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्र ए. दीपांजली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में अगले दिन छ.ग. सरकार की महतारी वंदन योजना विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें काफी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में पक्ष पर विचार रखते हुए बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुमन साहू ने प्रथम स्थान और बीए प्रथम सेमेस्टर की ही कु. सोनम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं विषय के विपक्ष पर अपने विचार रखते हुए बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा आर्या अवस्थी ने प्रथम स्थान एवं बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्रा गीतू यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

आयोजन के अंतिम दिन कन्या महाविद्यालय में छ.ग. सरकार का सुशासन शीर्षक पर नुक्कड़ नाटक का मंचन राष्ट्रीय योजना के तत्वावधान में किया गया। जिसमें छ.ग. सरकार द्वारा वर्ष भर में सफलतापूर्वक क्रियान्वित की गई विभिन्न योजनाओं को उजागर कर प्रदेश की जनता को उन योजनाओं से क्या, कैसा और कितना लाभ प्राप्त हो रहा है यह प्रभावपूर्ण ढंग से मंचित किया गया। नुक्कड़ नाटक में लक्ष्मी साहू, विभा साहू, तृप्ति साहू, मोनिका निर्मलकर, पूनम निर्मलकर एवं कुमकुम चतुर्वेदी बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नाटक का निर्देशन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव विभागाध्यक्ष हिन्दी एवं डॉ. सुषमा यादव विभागाध्यक्ष भूगोल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. मिलिन्द अमृतफले विभागाध्यक्ष संगीत, डॉ. मोनिया राकेश सिंह विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. रेश्मा लाकेश सहायक प्राध्यापक गृहविज्ञान, ज्योति भरणे, डॉ. आरती राठौर सहायक प्राध्यापक हिन्दी, मधु पाण्डेय सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, डिम्पल साहू, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, शीतल गुप्ता सहायक प्राध्यापक वाणिज्य सहित सभी प्राध्यापक और काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## ऑस्कर 2025 को होस्ट करेंगे जाने-माने कॉमेडियन ब्रायन



कॉनन ओ'ब्रायन को आधिकारिक तौर पर 97वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर 2025) के मेजबान के रूप में चुना गया है। इसकी जानकारी अकादमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से दी गई। यह घोषणा ऑस्कर द्वारा हॉलीवुड की सबसे बड़ी रात के लिए जिमी किमेल, जॉन मुलैनी और कई अन्य लोगों से संपर्क करने के महीनों बाद की गई है। पोस्ट में कॉनन ओ'ब्रायन का एक वीडियो भी शामिल है, जिसमें वह ऑस्कर की मेजबानी के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते नजर आ रहे हैं। अकादमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉनन ओ'ब्रायन का एक वीडियो साझा किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा है, 'कॉनन ओ'ब्रायन आधिकारिक तौर पर आपके 97वें ऑस्कर होस्ट हैं। रविवार, 2 मार्च को शाम 7 बजे एबीसी पर इसे लाइव देखें।' ऑस्कर रविवार, 2 मार्च (3 मार्च आईएसटी) 2025 को डॉल्बी थिएटर में आयोजित होने वाला है। ओ'ब्रायन एक अनुभवी टेलीविजन पर्सनैलिटी हैं। वह दशकों से बतौर कॉमेडियन अपने ह्यूमर और आकर्षक उपस्थिति से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। कॉनन को होस्ट के रूप में उनके दो दशक के कार्यकाल के लिए जाना जाता है, जिसमें 'लेट नाइट विद कॉनन ओ'ब्रायन', 'द टुनाइट शो विद कॉनन ओ'ब्रायन' और 'कॉनन' जैसे शो शामिल हैं। टेलीविजन में अपने शानदार पहले, उन्होंने 'सैटरडे नाइट लाइव' और 'द सिम्पसंस' के लिए एक लेखक के रूप में अपना करियर बनाया। वहीं, ऑस्कर के मेजबान की घोषणा होने के बाद अब हर किसी की निगाहें इसके नॉमिनेशन पर जा टिकी हैं।

### टॉलीवुड

## 'धोप' पर दिल खोलकर थिरके राम चरण और कियारा, रिलीज के साथ ही वायरल



'गेम चेंजर' साल 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। एस शंकर द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 10 जनवरी को पोंगल के उत्सव के अवसर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की भव्य रिलीज से पहले, निर्माताओं ने इसका चौथा गाना 'धोप' रिलीज कर दिया है। इस पैपी ट्रैक में राम चरण और कियारा आडवाणी की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। बीट्स झूमने पर मजबूर कर देने वाले हैं। गाने में राम चरण कियारा आडवाणी के साथ अपने बेहतरीन मूव्स दिखा रहे हैं। दोनों ने स्टाइलिश आउटफिट पहनकर नए जोशीले गाने से मंच पर आग लगा दी है। 'धोप' में ऑनस्क्रीन जोड़ी की बेजोड़ केमिस्ट्री और एनर्जी ने सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। विशेष रूप से, ट्रैक के अंत में अभिनेता के सिंगल डांस मूव्स जबर्दस्त हैं। गाने पर प्रतिक्रिया देते हुए एक नेटिजन ने लिखा, 'यूट्यूब पर इस गाने का धमाल होगा।' दूसरे ने लिखा, 'सुपर डांस स्टेप्स, राम चरण एक लीजेंड डांसर हैं।' इसके अलावा, गाने में राम चरण के बेहतरीन डांस मूव्स के कारण 'ग्रेस गॉड' शब्द भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है। इस बीच, गाने को साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा, 'बहुत अधिक एनर्जी और हाई वोल्टेज मूव्स पैक करते हुए, सभी को गेम चेंजर के धूप मंत्र पर थिरकने दें। धूप को अब अपना कार्यभार संभालने दें।' तेलुगु संस्करण के अलावा, निर्माताओं ने ट्रैक के हिंदी और तमिल संस्करण भी जारी किए हैं। गाने को जानी मास्टर द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। धोप से पहले, निर्माताओं ने 'नाना हयाराना', 'रा माचा माचा' और 'जारागांडी' नाम से फिल्म के तीन ट्रैक लॉन्च किए थे। 'गेम चेंजर' में राम चरण मुख्य भूमिका में होंगे और कियारा आडवाणी उनके अपोजिट नजर आएंगी। 'विनय विद्या राम' के बाद यह उनका दूसरा सहयोग है जो 2019 में रिलीज हुई थी।

### भोजपुरी

## आम्रपाली को मिला प्यार में धोखा, कहा- तेरे साथ भी बर्बाद थे, तेरे बाद भी बर्बाद



जो जिंदगी में सबसे अजीज हो। वो जिसके साथ जीने और मरने की हम कसमें खाते हैं, वो जिसके बिना एक पल भी गवारा नहीं होता, अगर वो ही धोखा दे तो उसका दर्द अंतहीन होता है। भोजपुरी सुपरस्टार आम्रपाली दुबे का नया दर्द भरा गाना 'बर्बाद' इसी भाव पर बना है। खास बात ये है कि इसमें एक्ट्रेस को देखकर फैंस भी रुआंसू हो गए हैं। भोजपुरी संगीत की दुनिया में सैड सॉन्ग्स को हमेशा से खूब पसंद किया गया है। इस गाने को भी आम्रपाली के फैंस और भोजपुरी संगीत के चाहने वालों से खूब तारीफ मिल रही है। यूट्यूब पर छह दिन पहले आम्रपाली दुबे के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से यह गाना रिलीज किया गया। खबर लिखे जाने तक इसे करीब 5 लाख बार देखा जा चुका है। 'बर्बाद' के म्यूजिक वीडियो में जहां आम्रपाली दुबे के साथ तपिश शर्मा नजर आ रहे है, वहीं इसे कल्पना पटवारी ने अपनी बेहतरीन आवाज से सजाया है। गीत के बोल रहमान बिहारी ने लिखे हैं और इसका संगीत शुभम तिवारी ने कम्पोज किया है। कोरियोग्राफर प्रसून यादव हैं। गाने की शुरुआत आम्रपाली दुबे से होती है, उनकी आंखों से आंसू बह रहे हैं। चेहरे पर गुस्सा है। नाराजगी है। वह शराब पी रही हैं। सिगनेट पीती हुई दिख रही हैं।

### लाइफ स्टाइल



फर कोट का जलवा

पतझड़/सर्दियों 2024/25 के लिए रनवे पर प्लस आकार के कृत्रिम फर कोट छाये हुए है। कई स्टाइलिंग विकल्प के साथ एसे कोट मौजूद हैं। जिसमें ऐप्पल ग्रीन में गिवेंची के पेस्टल रंग के फॉक्स फर कोट को एक शहरी ठाठ लुक के लिए पतले काले टर्टल नेक स्वेटर, चमड़े की लेगिंग और टखने के जूते के साथ पहना जा सकता है। लंदन फैशन वीक की एक झलक में देखा जा सकता है फर कोट के लिए माडल्स की दीवानगी को।

## सर्दियों में चाहिए दमकती त्वचा तो ये स्किन केयर रूटीन अपनाएं

बहुत से लोग स्किन केयर रूटीन फॉलो करने के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स लाते हैं, जबकि आप साधारण तरह से भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकते हैं। इससे आपके पैसे भी बच जाएंगे, साथ ही में आपका चेहरा भी चमकेगा। तो चलिए आपको बिना देर किए आपको सर्दियों में स्किन केयर रूटीन करने का सही तरीका बताते हैं, ताकि आप भी इसका फायदा ले सकें।


### क्लींजर है जरूरी

सर्दियों में चेहरे को साफ रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए हमेशा ऐसा क्लींजर चुनें जो त्वचा से नमी को हटाए बिना गंदगी को साफ करे। चेहरा साफ करने के लिए गर्म पानी के इस्तेमाल से बचें। ज्यादा गर्म पानी से त्वचा शुष्क हो सकती है, इसलिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। 2

### मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं

त्वचा पर अगर सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न किया जाए तो त्वचा रूखी होने लगती है, क्योंकि सर्दियों में त्वचा को अधिक हाइड्रेशन की आवश्यकता होती है। हाइलूरोनिक एसिड, शीया बटर, और ग्लिसरीन वाले मॉइश्चराइजर अच्छे विकल्प हैं।

### एक्सफोलिएट करें



त्वचा की डेड स्किन को हटाने के लिए हल्के एक्सफोलिएटर का उपयोग करें। बस ध्यान रखें कि ये स्क्रब या एक्सफोलिएटर आपकी त्वचा के हिसाब से होना चाहिए। बस ध्यान रखें कि बार-बार एक्सफोलिएशन त्वचा को और शुष्क कर सकता है।

### सनस्क्रीन

लोगों को लगता है कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन लगाने की जरूरत नहीं है, जबकि ऐसा नहीं है। सर्दियों में भी सूरज की किरणें हानिकारक हो सकती हैं।

## बेशकीमती होती हैं कुछ साड़ियां, एक तो चालीस लाख रुपए से भी ज्यादा की



फैशन

हर भारतीय महिला के लिए साड़ी काफी खास परिधान होता है। इसे वो शादी-विवाह से लेकर पार्टियों में भी कैरी करना पसंद करती हैं। आजकल तो समय ऐसा है कि जो विदेशी महिलाएं भारत घूमने आती हैं, वो भी साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। लोगों को लगता है कि साड़ी काफी सस्ती आती हैं, जबकि ऐसा नहीं है। भारत में कई इस तरह की साड़िया भी बनती हैं, जो लाखों रुपये की आती हैं।



साड़ियों को विदेशों में भी प्रचलित करने के लिए 21 दिसंबर के दिन साड़ी डे मनाया गया है। आपको भी भारत में मिलने वाली सबसे महंगी साड़ियों के बारे में जानना चाहिए। ये सभी साड़ियां अपने जटिल काम की वजह से काफी महंगी आती हैं और इनपर काम काफी महीन होता है।

### कांचीपुरम सिल्क साड़ी

कांचीपुरम की ये साड़ियां मूलरूप से तमिलनाडु में बनाई जाती हैं और इनमें असली सोने व चांदी की जरी का उपयोग होता है। इनकी गुणवत्ता और बुनाई कला इन्हें खास बनाती है। कीमत की बात करें तो कांचीपुरम सिल्क की कीमत साड़ी 1 लाख से 40 लाख रुपये तक की होती है। इसकी कीमत इसके जरी के काम पर निर्भर करती है।

### बनारसी सिल्क साड़ी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी की यह साड़ियां जटिल जरी वर्क और रिच सिल्क से बनी होती हैं। यह शादी और विशेष अवसरों पर पहनी जाती हैं। खासतौर पर बनारसी सिल्क की साड़ियां नई दुल्हनों को चढ़ाई जाती हैं। इन साड़ियों की कीमत 5,000 से 10 लाख तक होती है। बनारसी सिल्क की साड़ी देखने में काफी कमाल की होती है।

### पाटन पटोला

गुजरात की यह साड़ियां डबल-इकट तकनीक से बनाई जाती हैं। यह साड़ी अपनी जटिल बुनाई, शानदार डिजाइन, और समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। इसके खास काम की वजह से ही इसे तैयार होने में 6 महीने से एक साल तक का समय लग जाता है। आमतौर पर इसकी कीमत 2 लाख से 10 लाख तक होती है।

### जरी कोटा साड़ी

राजस्थान की जरी कोटा साड़ियां अपनी हल्की बनावट और आकर्षक जरी वर्क के लिए मशहूर हैं। ये साड़ियां देखने में बेहद रॉयल लगती हैं। मूलरूप से इनकी कीमत 5 हजार रुपये से से 5 लाख तक होती है। इस तरह की साड़ियां ज्यादातर महिलाएं शादी-विवाह में पहनना पसंद करती हैं।

## बिना डाई के ऐसे काले करें अपने बाल, कम उम्र के लोगों के काम आएंगे ये घरेलू नुस्खे

आजकल की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खान-पान का सीधा असर लोगों के स्वास्थ पर पड़ने लगा है। खासतौर पर प्रदूषण की वजह से बाल काफी कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में बालों का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। कई बार तो बालों का ध्यान रखने के बावजूद बहुत से युवा कम उम्र में ही बालों के सफेद होने से परेशान रहते हैं। ऐसे में यहां हम आपको कुछ ऐसी प्राकृतिक चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बाल अपने आप काले होने लगेंगे। हालांकि इन चीजों के इस्तेमाल से बाल पूरी तरह से काले नहीं होते, लेकिन हां थोड़ा-बहुत इनका असर जरूर दिखता है।

### आंवला इस्तेमाल करें

आंवला में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को न सिर्फ काला करते हैं, बल्कि उन्हें आंतरिक रूप से मजबूत भी बनाते हैं। ऐसे में चाहें तो आंवले के तेल से बालों की नियमित मालिश करें। इसके अलावा आप आंवला पाउडर को पानी में उबालकर पेस्ट बना लें और इसे बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से भी बाल काले हो सकते हैं।



### करी पत्ता और नारियल तेल

करी पत्ते में पाए जाने वाले तत्व आपके बालों को मजबूत बनाने और काला करने में मदद करेंगे। करी पत्तों को नारियल तेल में उबालकर ठंडा करें। इस तेल से हफ्ते में 2-3 बार मालिश करें। इसका असर भी आपको कुछ दिनों में दिखने लगेगा।

### भृंगराज तेल

भृंगराज को केश राजा कहा जाता है। ऐसे में भृंगराज तेल से सिर की मालिश करें। आप भृंगराज पाउडर को पानी में मिलाकर मास्क के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी आपके बाल प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे।

## चेहरे पर कोल्ड क्रीम लगाने का सही तरीका जरूर जानिए, मिलेगी तारीफ

सर्दी के मौसम में हर कोई त्वचा का रूखेपन से परेशान रहता है। इस रूखेपन को दूर करने के लिए लोग कई तरह के बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। बाजारों में आजकल हर स्किन टाइप के हिसाब से क्रीम मिल जाती है, जो त्वचा संबंधी कई परेशानियों को दूर करती हैं। पर, कई बार ये देखने को मिलता है कि बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम भी त्वचा के रूखेपन को दूर नहीं कर पाते। ये आपकी लापरवाही की वजह से हो सकता है।

### चेहरा साफ करें

कोल्ड क्रीम या फिर कोई सी भी क्रीम लगाने के पहले अपने चेहरे को हल्के गुनगुने पानी और माइल्ड फेसवॉश से धो लें। चेहरे को धोने के बाद इसे पूरी तरह से सुखा जरूर लें, ताकि क्रीम चेहरे पर सही से सेट हो जाए।

### डॉट्स में लगाएं

अक्सर लोग क्रीम को सीधा हाथ में लेते हैं और उसे चेहरे पर रगड़ लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्रीम को हमेशा चेहरे पर डॉट्स की तरह माथे, नाक, गाल, और ठुड्डी पर लगाएं। फिर इसे हल्के हाथ से रब



करें।

### सर्कुलर मोशन में मसाज करें

क्रीम को अपनी उंगलियों पर लेकर चेहरे की सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें। आंखों के आसपास क्रीम लगाते समय ध्यान रखें कि क्रीम आंखों के अंदर न जाए, वरना आपको परेशानी हो सकती है।

### कार्नर न्यूज

### खास मौके के लिए खुद को करें बेहतरीन ढंग से स्टाइल

## नए साल से पहले 31 दिसंबर की पार्टी के लिए पहनें ऐसे कपड़े, कड़ाके की ठंड में मिलेगा आकर्षक स्टाइल

*नए साल के स्वागत के लिए लोग 31 दिसंबर को रात पार्टी करते हैं। दिसंबर और जनवरी कड़ाके की ठंड का समय है। इस दौरान बेहद सर्द हवाएं चलती हैं। अब अगर इतनी सर्दी में घर से बाहर पार्टी करने जा रहे हैं तो ठंड से बचाव भी जरूरी है ताकि स्वास्थ्य पर असर न पड़े। इसके लिए सर्दियों वाले कपड़े, जैसे स्वेटर, कोट, जैकेट आदि पहनकर ही घर से निकल सकते हैं। लेकिन ये आपका लुक खराब कर देंगे। पार्टी में स्टाइलिश लुक चाहिए और सर्दी से बचना भी है तो कुछ ऐसे फैशन हैक्स हैं जो काम आ सकते हैं। 31 दिसंबर की रात नए साल की पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो खुद को इस तरह से लड़कियां स्टाइल कर सकती हैं और सर्दी से भी बच सकती हैं।*




### लेदर ट्राउजर

ब्लैक लेदर ट्राउजर सर्दियों में पार्टी के लिए ग्लैमरस आउटफिट में गिनी जा सकती है। इस तरह की पैंट या ट्राउजर के साथ आप ऑफ शोल्डर वूलन टॉप, शिमर शॉर्ट ब्लेजर, डीप नेकलाइन कोट या वुलन पुलओवर पहन सकती हैं। ये स्टाइलिश भी लगता है और सर्दी में आपके शरीर को गर्माहट भी देता है।

### सर्दियों की पार्टी के लिए स्कर्ट

मिनी स्कर्ट के साथ लैदर जैकेट आपको बोल्ड लुक दे सकता है। अगर आप मिनी स्कर्ट पहन रही हैं तो लॉन्ग नी लेंथ बूट्स से खुद को स्टाइल करें। सर्दी से बचने के लिए हिक टाइट या लेगिंग पहन सकती हैं। इसके अलावा नी लेंथ टेनिम स्कर्ट के साथ स्टाइलिश वुलन टॉप, पुलओवर पहन सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में स्कार्फ या मफलर को जोड़ा जा सकता है। बूट या शूज पहन सकती हैं।

### लॉन्ग कोट

शार्ट स्कर्ट, मिनी ड्रेस या डेनिम पैंट्स के साथ लॉन्ग कोट को कैरी कर सकती हैं। लॉन्ग कोट आपके लुक को अधिक प्रभावशाली बनाता है और शरीर को गर्माहट भी देता है।



स्वेटर, स्वेटशर्ट या ड्रेस के साथ लॉन्ग कोट को पहनकर पार्टी में जा सकती हैं।

### टोपी और स्कार्फ

किसी पार्टी के लिए स्टाइलिश लुक केवल आउटफिट पर ही निर्भर नहीं करता है। आप अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए बो हेयर पिन, इस तरह की विंटर कैप, हाई हील बूट्स या शूज, वुलन स्कार्फ को अपना सकते हैं। ये आपको एक बेहतर और आकर्षक लुक दे सकते हैं।